RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ



एमएसपी हर फसल पर, देने को तैयार।
अब के बनवा दें अगर, बीजेपी सरकार।
बीजेपी सरकार, छोड़िए गुस्सा-रोसा।
नये बने अध्यक्ष, दे रहे बड़ा भरोसा।
कह साहिल कविराय, जिता दो अब की हम को।
देंगे पांच हजार, साथ में हर महिला को।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




VOL: 11 | ISSUE 139 | SATURDAY 30-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



# आज के भारत में, संस्थाएँ तारीफ चाहती हैं, विरोध या सवाल नहीं !

दो महीने से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन तमिलनाडु नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के फाइनल-ईयर के एक लॉ स्टूडेंट के सुप्रीम कोर्ट की आलोचना करने वाले अपने ब्लॉग पोस्ट को हटाने से इनकार करने पर शुरू हुआ विवाद, जैसे-जैसे लोगों के बीच इस पर और ज्यादा सवाल उठ रहे हैं, और भड़कता जा रहा है। और इससे एक असहज लेकिन जरूरी सवाल उठता है: भारत अपने ही संस्थागत ढाँचों के भीतर असहमति के लिए सचमुच कितनी जगह देता है?



संदीप शर्मा, सम्पादक

ऋषि कुमार के ब्लॉग का भड़काऊ शीर्षक था ₹भारत के सुप्रीम कोर्ट की कोई रीढ़ नहीं है।₹ इसमें कोर्ट के उस कथित फैसले की आलोचना की गई थी जिसमें न्यायिक भ्रष्टाचार पर एक टेक्स्टबुक के चैप्टर को हटाने या उस पर चर्चा को सीमित करने की बात कही गई थी। शीर्षक शायद कड़ा हो, कई लोगों की नजर में हद से ज्यादा भी हो, लेकिन लोकतंत्र की परख विनम्र सहमति से नहीं होती। उनकी परख असहज आलोचना के प्रति उनकी सहनशीलता से होती है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूनिवर्सिटी प्रशासन पर कथित तौर पर कानूनी बिरादरी और अन्य लोगों के अलग-अलग तबकों से फोन आने के बाद दबाव पड़ा। इन लोगों को लगा कि इस लेख से संस्था की साख को नुकसान पहुँचा है। हालाँकि, स्टूडेंट ने पीछे हटने से साफ इनकार कर दिया और कहा कि उसके विचार उसके अपने हैं और किसी भी संस्था का उसकी अंतरात्मा पर कोई हक नहीं है। एक संवैधानिक लोकतंत्र में इस बयान से किसी को भी परेशान नहीं होना चाहिए। असल में, इससे हमें तसल्ली मिलनी चाहिए।

लॉ यूनिवर्सिटी कोई फौजी अकादमी नहीं होतीं, जिन्हें बिना सवाल किए आज्ञा मानने वाले लोग पैदा करने के लिए बनाया गया हो। वे असल में संविधान, राजसत्ता, न्यायिक आचरण और सार्वजनिक जवाबदेही के बारे में आलोचनात्मक सोच विकसित करने के लिए ही होती हैं। अगर लॉ स्टूडेंट संस्थाओं पर सवाल उठाने से डरने लगेंगे, तो कानूनी व्यवस्था में संवैधानिक साहस के बजाय सिर्फ.एक जैसी सोच पैदा होने का खतरा पैदा हो जाएगा।

इसमें एक विडंबना भी है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आज भारत के सार्वजनिक विमर्श में अक्सर बेहद तीखी राजनीतिक बयानबाजी, व्यंग्य और नाटकीय भाषा देखने को मिलती है। ₹कॉकरोच₹ जैसे शब्द राजनीतिक शब्दावली में शामिल हो जाते हैं। सार्वजनिक हस्तियाँ तीखी टिप्पणियाँ करती हैं, विरोधी एक-दूसरे का अपमान करते हैं, और टेलीविजन पर होने वाली बहसें भड़काऊ बातों पर ही चलती हैं। समाज इन सबको लोकतांत्रिक मुकाबले का ही एक हिस्सा मानकर अपना लेता है।

फिर भी, जब आलोचना उन संस्थाओं की ओर मुड़ती है जिन्हें पवित्र या शक्तिशाली माना जाता है, खासकर न्यायपालिका की ओर तो अचानक सहनशीलता कमजोर पड़ने लगती है। ऐसा लगता है कि उम्मीद यह है कि आलोचना को बहुत सावधानी से साफ-सुथरा, भावनात्मक रूप से संयमित और संस्था के लिए सुविधाजनक ही रहना चाहिए। लेकिन संवैधानिक लोकतंत्र को कभी भी संस्थाओं की सहूलियत के हिसाब से नहीं बनाया गया था।

इसका मतलब यह नहीं है कि हर आलोचना सही, निष्पक्ष या जिम्मेदार होती है। अदालतों का सम्मान होना चाहिए, क्योंकि वे ही हमारे अधिकारों और संवैधानिक संतुलन की आखिरी रक्षक हैं। हालाँकि, संस्थाओं के प्रति सम्मान उनकी जाँच-परख के खिलाफ एक ढाल नहीं बन सकता। एक परिपक्व न्यायपालिका को अपनी वैधता अलगाव से नहीं, बल्कि आलोचना को बिना किसी असुरक्षा-बोध के सहन करने की अपनी क्षमता से प्राप्त होती है।

किसी सार्वजनिक मुद्दे पर एक विधि-छात्र द्वारा तीखे शब्दों में अपनी राय व्यक्त करना लोकतंत्र के लिए कोई खतरा नहीं है; बल्कि, ऐसी अभिव्यक्ति को खामोश करना लोकतंत्र के लिए खतरा बन सकता है।

# पंजाब निकाय चुनाव में दिग्गजों का जलवा कायम

## आप ने 951 सीटें लेकर सबसे बड़ी जीत की दर्ज, कांग्रेस दूसरे और आजाद तीसरे नंबर पर, शिअद का कमबैक, पांचवें पर भाजपा, गठजोड़ होने पर पड़ेगी वैल्यू

लुधियाना/यूटर्न/29 मई। पंजाब के निकाय चुनाव के शुक्रवार को नतीजे घोषित हुए। विवादित भरे माहौल में नतीजे सामने आए। जिसमें 8 नगर निगमों, 75 नगर कौंसिलों और 20 नगर पंचायतों के चुनाव में आम आदमी पार्टी का दबदबा दिखा है। सुबह 8 बजे से हो रही मतगणना में अब तक 951 वार्डों में आप जीत चुकी है। पहले नंबर पर आने के दावे करने वाली कांग्रेस 386 सीटों केसाथ दूसरे और आजाद उम्मीदवार 258 सीटों के साथ तीसरे नंबर पर हैं। वहीं चौथे स्थान पर शिरोमणि अकाली दल ने कमबैक करते हुए 191 सीटों पर जीत हासिल की। दूसरी तरफ भाजपा 169 सीटों के साथ पांचवें स्थान पर रही। इसी के साथ साथ 8 नगर निगमों में से देर रात 7 के नतीजे सामने आए। जिसमें इसमें कपूरथला में कांग्रेस, अबोहर, पठानकोट में भाजपा को बहुमत मिला है। जबकि बठिंडा, मोगा, बरनाला और बटाला में आप ने जीत दर्ज की है। वहीं अब सिर्फ मोहाली के नतीजे आने बाकी हैं। देर रात तक निगम और कौंसिल चुनावों की गिनती जारी रही। हालांकि इस चुनाव के बाद अब कयास लगाए जा रहे हैं कि भाजपा को पंजाब में स्टैंड होने के लिए अकाली दल के साथ की जरुरत पड़ सकती हैं। हालांकि शिअद की सीटें ज्यादा आने पर अगर अब गठजोड़ होता है तो पार्टी की वैल्यू ज्यादा पड़ेगी।






### बंगाल जीतने वाले 5वें नंबर पर



सीएम भगवंत मान ने कहा कि बंगाल जीतने वाले पांचवें नंबर पर आए हैं। 1100 से ज्यादा उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई है। कांग्रेस व अकाली दल अपने पुराने बहानों पर कायम रहे हैं। वह उसी तरह अड़े रहे हैं। अगर धक्का हुआ तो चमकौर साहिब में कांग्रेस कैसे जीती।

### आप के वाइस प्रेजिडेंट का भाई हारा, स्पीकर की सास जीतीं

बटाला में आप वाइस प्रेजिडेंट शैरी कलसी के भाई अमृत कलसी चुनाव हार गए है, उन्हें वार्ड 35 से कांग्रेस के शशि चंदा ने हराया है। जबकि बठिंडा के वार्ड 5 से विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां की सास हरबंस कौर ने जीत दर्ज की है। मोहाली निगम में आप के उम्मीदवार पति-पत्नी ने जीत दर्ज की। वार्ड नंबर 4 से हरविंदर सिंह और वार्ड 3 से उनकी पत्नी गुरमीत कौर ने चुनाव जीता।

### दिग्गज लीडरों का दिखा जलवा

इस चुनाव में मुख्यमंत्री भगवंत मान से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और दिग्गज नेताओं तक की साख इन चुनावों में दांव पर लगी हुई थी। इस दौरान सीएम मान के हलके धूरी की 21 सीटों में से 19 सीटें आप के खाते में आने पर साफ है कि सीएम पर लोगों को विश्वास है। वहीं, पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी ने भी अपने दम पर चमकौर साहिब नगर काउंसिल चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं, सुल्तानपुर लोधी में राणा इंद्रप्रताप सिंह सब पर भारी पड़े। उनका ग्रुप सभी पार्टियों से आगे रहा। कपूरथला निगम चुनाव में पूर्व मंत्री राणा गुरजीत सिंह का दबदबा रहा। यहां कांग्रेस 50 सीटों में से अब तक 30 सीटें जीत चुकी है।

### कहीं हार तो कहीं जीत दर्ज

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बलबीर सिंह के बेटे कुंवरदीप सिंह को हार का सामना करना पड़ा है। कैप्टन अमरिंदर सिंह के पैतृक गांव में 13 में से 8 सीटें आप ने जीते, जबकि 5 पर अकाली दल ने जीत दर्ज की। यहां पर कांग्रेस और बीजेपी को एक भी सीट नहीं मिली है। शिक्षामंत्री हरजोत सिंह बैंस के विधानसभा हलका श्री आनंदपुर साहिब नगर कौंसिलों में आम आदमी पार्टी 13 सीटों में 11 सीटों पर जीती है।

### मजीठा में आप को मजीठिया की बराबर टक्कर, 6 सीटें जीती

मजीठा नगर कौंसिल के 13 वार्डों में सात सीटों पर आम आदमी पार्टी और 6 पर शिरोमणि अकाली दल जीता है। जबकि कोई अन्य पार्टी खाता नहीं खोल पाई है। यहां से शिरोमणि अकाली दल के सीनियर नेता बिक्रम सिंह मजीठिया की पत्नी गनीब कौर विधायक हैं। चुनाव में कपल पूरी तरह से एक्टिव था।

# आध्यात्मिक गायन ईश्वरीय देन है : गजेंद्र फोगाट

## 'माँ बगलामुखी' म्यूजिक वीडियो से रितिक अरोड़ा ने की प्रोडक्शन हाउस की शुरूआत

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/29 मई। 'बम लहरी' फेम गायक और हरियाणा मुख्यमंत्री के ओएसडी गजेंद्र फोगाट ने कहा कि आध्यात्मिक गायन ईश्वरीय देन होता है, जो सीधे श्रद्धा और आस्था से जुड़ा होता है। वह नए आध्यात्मिक म्यूजिक वीडियो 'माँ बगलामुखी' के लॉन्च अवसर पर बोल रहे थे।

फिल्ममेकर रितिक अरोड़ा ने अपने प्रोडक्शन हाउस की शुरूआत इसी आध्यात्मिक प्रोजेक्ट के साथ की है। इस म्यूजिक वीडियो का निर्देशन भी स्वयं रितिक अरोड़ा ने किया है। वीडियो में गजेंद्र फोगाट मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं, जबकि उनकी आवाज और प्रस्तुति को दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण माना जा रहा है।






निमार्ताओं के अनुसार, 'माँ बगलामुखी' म्यूजिक वीडियो की शूटिंग माँ बगलामुखी मंदिर परिसर में की गई। टीम ने बताया कि शूटिंग के दौरान का माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता से भरपूर रहा।

रितिक अरोड़ा ने कहा कि यह प्रोजेक्ट केवल उनके प्रोडक्शन हाउस का डेब्यू नहीं, बल्कि उनकी आस्था और विश्वास का प्रतीक भी है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में उनका प्रोडक्शन हाउस कई बड़े बॉलीवुड-इन्फ्यूज्ड प्रोजेक्ट्स पर काम करेगा, जिनमें कई प्रसिद्ध हस्तियां भी दिखाई देंगी।

इस म्यूजिक वीडियो को डबल ट्रबल स्टूडियो द्वारा कॉन्सेप्चुअलाइज किया गया है। वीडियो में भक्ति, सिनेमैटिक स्टोरीटेलिंग और भव्य विजुअल्स का समावेश देखने को मिलेगा। 'माँ बगलामुखी' के जरिए रितिक अरोड़ा प्रोडक्शंस ने अपने सफर की शुरूआत आध्यात्मिक अंदाज में की है, जिसे मनोरंजन जगत में एक नई शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है।



पेज 06 मां बगलामुखी की कृपा से सिद्ध होते हैं भक्तों .....




# फिल्म की तर्ज पर लुधियाना में बनी रियल स्पेशल-26, केंद्रीय अधिकारी मुख्य किरदार में आ रहे नजर

**राजदीप सिंह सैनी**

लुधियाना/यूटर्न/29 मई। लुधियाना कारोबार का हब होने के चलते यहां रोजाना कई सो करोड़ रुपए का बिजनेस होता है। लेकिन इस कारोबारी शहर के कई व्यापारियों को उन्हीं के रिश्तेदारों द्वारा अपने केंद्रीय जांच एजेंसियों में शामिल अधिकारी रिश्तेदारों के साथ मिलकर लूटा और ठगा जा रहा है। जैसे पहले बॉलीवुड की फिल्म स्पेशल-26 में कारोबारियों के यहां रेड कर उन्हें लूटा जाता था, वैसे ही अब लुधियाना में फर्जी नहीं रियल स्पेशल-26 टीम बनी हुई है। फिल्म में तो सभी अधिकारी फर्जी थे, लेकिन शहर में बनी इस टीम में अधिकारी असली है। इसी स्पेशल-26 की टीम ने बाजवा नगर के एक होजरी कारोबारी से 40 लाख रुपए की ठगी मारी थी। इस मामले का खुलासा होते ही शहर में बवाव मच गया है। शुक्रवार को यह मामला टॉक ऑफ टाउन बना रहा। पूरा दिन लोग केंद्रीय जांच एजेंसी में मौजूद अधिकारी व उसके ठग रिश्तेदार का नाम पूछते रहे। यहां तक कि जांच एजेंसी में भी अधिकारी इस मामले संबंधी आपस में बातचीत करते नजर आए। वहीं इस मामले के उजागर होते ही इस ठग टीम के कई और कारनामे भी निकलकर सामने आए हैं। जिसमें उन्होंने एक-दो नहीं बल्कि कई लोगों को डरा धमकाकर अपना शिकार बनाया है। यह भी बात सामने आई है कि जांच एजेंसी के उच्च अधिकारियों द्वारा अपने उक्त भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही थी। लेकिन समय रहते मामला शांत होने पर बचाव हो गया।

## केस बंद करने की एवज में लेते थे मोटी रकम




चर्चा है कि उक्त ठग व्यक्ति द्वारा अपने केंद्रीय जांच एजेंसी में लगे रिश्तेदार अधिकारी द्वारा सिर्फ डरा धमकाकर वसूली नहीं की जाती थी। बल्कि लोगों के केस बंद कराने को भी मोटी रकम ली जाती थी। उन्होंने इस तरह कई लोगों को ठगी का शिकार बनाया गया। उसकी और से शहर के लोगों के एजेंसी के केस बंद कराने की एवज में मोटी रकम वसूली की जाती थी। जिसके बाद सेटिंग कर केस रफा दफा करवाए जाते थे। अब इस खुलासे के बाद ठगी का शिकार हुए लोगों को अपने पैसे वापिस होने की उम्मीद है।

## ठग कंपनी का खुलासे करने में दिल्ली व्यापारी बना आधार

चर्चा है कि उक्त व्यक्ति द्वारा बाजवा नगर के जिस कारोबारी से ठगी की गई थी। उसके कई वेंडर भी इस ठग कंपनी के निशाने पर आ गए थे। जिसमें से दिल्ली के एक बड़े वेंडर से पांच करोड़ रुपए मांगे गए। लेकिन उस वेंडर व्यापारी ने पैसे देने से इंकार कर दिया और मामले की जांच करवाई। जिसके बाद पता चला कि जांच एजेंसी के नाम पर की जा रही एक्वांयरी फर्जी है।

## विभागीय कार्रवाई से बचने को पैसे दिए वापिस

चर्चा है कि बाजवा नगर के कारोबारी से 40 लाख रुपए की ठगी की गई थी। उस मामले में जांच एजेंसी को भी शिकायत हो गई थी। जांच एजेंसी द्वारा अपने भ्रष्ट अधिकारी खिलाफ 56जे धारा के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई थी। लेकिन इस बीच अधिकारी ने पेमेंट वापिस कर दी। जिसके बाद अधिकारी का बचाव हो सका।

## पूरे खेल में एजेंसी के लैंडलाइन नंबर का हुआ इस्तेमाल

चर्चा है कि स्पेशल-26 के मुख्य किरदार अधिकारी द्वारा जब भी किसी को डराना या पैसों की सेटिंग करनी होती थी तो पूरे खेल में केंद्रीय जांच एजेंसी के ही लैंडलाइन नंबर का प्रयोग किया जाता था। क्योंकि उक्त नंबरों से किसी को कॉल करने पर एजेंसी का नाम लिखा आता था, जिससे सामने वाला व्यक्ति डर जाता था। वहीं अगर कोई बैक कॉल भी करता था, तो एजेंसी में ही फोन उठाया जाता था। जिससे उन्हें यकीन हो जाता था।

## 3-4 साल से चल रहा था खेल

चर्चा है कि यह खेल पिछले 3-4 साल से चल रहा था। दरअसल, होजरी कारोबार में काफी पैसा कैश में भी आता है। इसी बात का फायदा उठाकर अधिकारी का रिश्तेदार पूरी जानकारी पहले इकट्ठी करता था। फिर अधिकारी तक पहुंचाकर धमकाता था। चर्चा है कि इनकी और से कई और लोगों को भी अपनी ठगी का शिकार बनाया है। जिस संबंधी जल्द खुलासे हो सकते हैं।

## एजेंसी की चुपी पर सवाल

वहीं शहर में चर्चा है कि एजेंसी की इंटेलिजेंस इतनी तेज होती है कि देश के हर व्यापारी की जानकारी उनके पास होती है। लेकिन फिर उन्हें अपने अधिकारी द्वारा एजेंसी के नाम पर ही किया जा रहा खेल, क्यों दिखाई नहीं दे सका। एजेंसी की चुपी पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं।

## यह है पूरा मामला

दरअसल, बाजवा नगर के एक होजरी व्यापारी का रिश्तेदार उसे मिलने अक्सर फैक्ट्री आता जाता था। इस दौरान उसने व्यापारी के कारोबार में कमियां ढूंढ ली। जिसके बाद अपने केंद्रीय जांच एजेंसी में लगे रिश्तेदार को वे जानकारी भेज दी। उक्त अधिकारी ने कारोबारी को कॉल कर कार्रवाई की बात कहकर डराया। जिसके बाद सेटिंग करके 40 लाख रुपए ले लिए। लेकिन जब व्यापारी के दिल्ली स्थित वेंडर ने जांच करवाई तो खुलासा हुआ। जिसके बाद व्यापारी की पेमेंट भी वापिस हुई।

# योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हरियाणा सरकार, पंचकूला में होगा भव्य आयोजन



चंडीगढ़,/यूटर्न/29 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस वर्ष भी योग दिवस को पूरे प्रदेश में व्यापक जनभागीदारी के साथ भव्य स्तर पर आयोजित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' रखी गई है। इसी थीम के अनुरूप प्रदेशभर में योग शिविर, जागरूकता अभियान और विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को योग के प्रति प्रेरित किया जा सके और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम इस बार पंचकूला में आयोजित किया जाएगा, जबकि जिला, उपमंडल और ग्राम पंचायत स्तर तक भी योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि गांव से लेकर शहर तक हर व्यक्ति तक योग पहुंचे और हरियाणा योगमय बने।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अभूतपूर्व पहचान और सम्मान मिला है और आज पूरी दुनिया भारत की इस प्राचीन परंपरा को अपना रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार युवाओं को भारतीय संस्कृति से जोड़ते हुए स्वस्थ भारत और स्वस्थ हरियाणा के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योग दिवस को केवल औपचारिक कार्यक्रम तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे जनआंदोलन का रूप दिया जाए। स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

# केवल ढिल्लों को पंजाब भाजपा का अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर



दिनेश मौदगिल/लुधियाना/यूटर्न/29 मई। पंजाब भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में केवल सिंह ढिल्लों की नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान ने पार्टी कार्यकताओं के साथ लड्डू बांटकर खुशी मनाई।भाजपा जिला अध्यक्ष धीमान आज चंडीगढ़ में भाजपा कार्यालय पहुंचे और नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों का मुंह मीठा करवाकर बधाई दी।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केवल सिंह ढिल्लों के नेतृत्व में पंजाब भाजपा और अधिक मजबूत होगी तथा पार्टी को जमीनी स्तर पर नई ऊर्जा मिलेगी। रजनीश धीमान ने कहा कि केवल सिंह ढिल्लों एक मेहनती, ईमानदार और अनुभवी नेता हैं, जिन्होंने हमेशा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है।

# फर्जी ED-CBI अफसर बन 79 वर्षीय महिला से 14 लाख की ठगी, मुंबई से दो आरोपी दबोचे





पंचकूला/यूटर्न/29 मई। पंचकूला पुलिस की साइबर क्राइम थाना टीम ने एक बड़े डिजिटल अरेस्ट साइबर फ्रॉड मामले का खुलासा करते हुए मुंबई से दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके खातों में फ्रॉड की रकम मिली है। मामले में आरोपियों ने खुद को ईडी, सीबीआई, सुप्रीम कोर्ट व पुलिस अधिकारी बताकर पंचकूला की 79 वर्षीय बुजुर्ग महिला को डराकर करीब 14 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया। मामले में पुलिस अब मुख्य आरोपियों, बैंक खातों और रकम की बरामदगी को लेकर अन्य स्थानों पर रेड कर रही है।

साइबर थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह के अनुसार पंचकूला निवासी 79 वर्षीय महिला ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 मार्च 2026 को उनके मोबाइल पर कॉल आई, जिसमें कॉल करने वालों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए कहा कि उनका आधार कार्ड और मोबाइल नंबर मनी लॉन्ड्रिंग केस में इस्तेमाल हुआ है। आरोपियों ने महिला को बताया कि ईडी द्वारा पकड़े गए एक आरोपी के पास उनके नाम का एटीएम कार्ड मिला है तथा उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है। इसके बाद आरोपियों ने अलग-अलग मोबाइल नंबरों से लगातार व्हाट्सएप वीडियो कॉल कर खुद को ईडी, सीबीआई, सुप्रीम कोर्ट और आधार विभाग का अधिकारी बताकर महिला और उसके पति को मानसिक रूप से डराया और गिरफ्तारी का भय दिखाया।

आरोपियों ने व्हाट्सएप पर फर्जी एफआईआर, गिरफ्तारी नोटिस, ईडी व सीबीआई के नाम से नकली दस्तावेज भेजे और कहा कि यदि उन्होंने किसी को इस बारे में बताया तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा तथा विदेश में रहने वाले उनके बेटे को भी नुकसान पहुंच सकता है। आरोपियों ने महिला को कहा कि यदि वह जांच में सहयोग करते हुए रकम ट्रांसफर कर दें तो उनका नाम केस से निकाल दिया जाएगा और 72 घंटे बाद राशि वापस कर दी जाएगी। डर और मानसिक दबाव में आकर महिला ने बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कर दी। पीड़िता की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना में 9 मई 2026 को भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर जगमीत सिंह द्वारा की जा रही है। जांच के दौरान सामने आया कि महिला द्वारा करीब 14 लाख रुपये अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए। बैंक रिकॉर्ड के आधार पर उक्त खाता मुंबई निवासी शिवम सत्यप्रकाश तिवारी के नाम पर पाया गया। जिसके खातें में फ्रॉड की साढ़े 9 लाख रकम पाई गई। पंचकूला साइबर पुलिस टीम मुंबई पहुंची और आरोपी शिवम सत्यप्रकाश तिवारी को काबू किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी अमित सिंह का नाम उजागर किया, जिसके बाद पुलिस ने उसे भी काबू कर लिया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मुंबई अदालत में पेश किया गया, जहां से राहदारी रिमांड हासिल कर पंचकूला लाया गया। पंचकूला पुलिस ने दोनों को 26 मई को कोर्ट में पेश कर 7 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने बैंक खाते खरीदने-बेचने वाले नेटवर्क और अन्य आरोपियों के बारे में महत्वपूर्ण खुलासे किए हैं। आरोपियों की निशानदेही पर विभिन्न क्षेत्रों में जांच और दबिश जारी है। हमारी टीम फ्रॉड की रकम की बरामदगी, बैंक खातों की पहचान तथा मुख्य सरगनाओं तक पहुंचने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है।

पंचकूला पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि कोई भी सरकारी एजेंसी, ईडी, सीबीआई, सुप्रीम कोर्ट या पुलिस अधिकारी वीडियो कॉल के माध्यम से पैसे ट्रांसफर करने के निर्देश नहीं देता।

## निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल का फिर से सख्त एक्शन

# बिल्डिंग ब्रांच के दो इंस्पेक्टरों के खिलाफ चार्जशीट तैयार करने के ऑर्डर, अवैध निर्माणों को बढ़ावा देने और ड्यूटी ढंग से न करने के आरोप

लुधियाना/यूटर्न/29 मई। नगर निगम में धड़ल्ले से अवैध इमारतें बनाई जा रही है। शहर की वे कोई सड़क नहीं जहां पर अवैध बिल्डिंग न बनी हो। लोगों द्वारा इस संबंधी दर्जनों शिकायतें भी की गई, लेकिन कभी कोई एक्शन नहीं लिया गया। इस अवैध कार्य में सबसे अहम रोल इंस्पेक्टरों द्वारा निभाया जा रहा है। हालांकि कई एटीपी भी स्पोर्टर हैं। उच्च अधिकारियों की छत्रछाया होने के चलते उनका अक्सर बचाव हो जाता है। यूटर्न टाइम अखबार द्वारा कौन सा अवैध निर्माण किस अधिकारी की अगुवाई में हुआ और कहा कहा अवैध कार्य हुए इसका प्रमुख्ता से खुलासा किया था। अब इस मामले में अपने सख्त एक्शन के लिए जानी जाती निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता द्वारा शुक्रवार फिर से एक सख्त एक्शन लिया गया। जिसमें जोन-ए के बिल्डिंग इंस्पेक्टर हरमिंदर सिंह मक्कड़ और जोन-सी के दिलीप कुमार सोनी के खिलाफ अवैध निर्माणों पर कार्रवाई न करने और अपने ड्यूटी में लापरवाही बरतने को लेकर चार्जशीट की सिफारिश की गई है। जल्द दोनों अधिकारियों पर एक्शन होगा। वहीं बता दें कि इन दोनों अधिकारियों



इंस्पेक्टर दिलीप कुमार सोनी



इंस्पेक्टर हरमिंदर सिंह मक्कड़

की छत्रछाया में शहर में एक के बाद एक अवैध निर्माण हुए। चर्चा है कि जो निर्माण पुराने अफसरों ने करवाए, उन पर इन्होंने आपसी मिलीभगत के चलते एक्शन नहीं लिया था।

### 27 मार्च को पुरानी कोतवाली का दौरा, दो महीने बाद भी एक्शन नहीं

वॉर्ड 90 के पार्षद सीनियर डिप्टी मेयर के एरिया पुरानी कोतवाली मार्केट में पी.एस. इलेक्ट्रानिक्स नामकर मिनी बेसमेंट समेत छह मंजिलां इमारत बनी है। जो इललीगल है। इंस्पेक्टर कशिश द्वारा मामले में एक्शन नहीं लिया गया। फिर मार्च महीने में इस एरिया के बिल्डिंग इंस्पेक्टर का चार्ज हरमिंदर सिंह मक्कड़ के पास आया। मक्कड़ ने 27 मार्च 2026 को मौका भी देखा और दस्तावेज देख एक्शन लेने का दावा किया। लेकिन दो महीने बीतने के बावजूद आज तक बिल्डिंग पर कार्रवाई नहीं हुई। उसके एकदम सामने तीन मंजिलां अवैध इमारत सील कर दी। 10 फीट की दूरी पर निगम की दोहरी कार्रवाई हुई। शहर में चर्चा है कि आखिर इंस्पेक्टर द्वारा एक्शन न लेने के पीछे क्या कारण है। हालांकि इस अवैध इमारत का एटीपी कपिल देव को पता होने पर भी उन्होंने एक्शन नहीं लिया।

### क्या पूर्व इंस्पेक्टर कशिश पर विभाग लेगा एक्शन

पुरानी कोतवाली की पांच और तीन मंजिलां इमारत का काम पूरा होने के दौरान वॉर्ड 90 में इंस्पेक्टर कशिश गर्ग के पास चार्ज था। उन्हें जनवरी 2026 में शिकायत हुई, तो एक्शन नहीं हुआ। फिर फरवरी में दोबारा कार्रवाई का पूछा गया तो उन्होंने माना की इमारत सील होनी बनती है, यह पूरी तरह गैरकानूनी है। उन्होंने यह भी कहा कि इमारत पिछले अफसरों ने बनाई है, मगर वे एक्शन लेंगी। फिर बिल्डिंग मालिक निगम ऑफिस आकर अफसरों से मिले।

जिसके बाद इंस्पेक्टर कभी एटीपी गुरविंदर लक्की तो कभी पार्षद पर बात फेंकती रही। उन्होंने भी कोई कार्रवाई नहीं की। फिर कशिश छुट्टी चली गई। अब देखना होगा कि क्या निगम इंस्पेक्टर कशिश पर लापरवाही के चलते एक्शन लेगा या नहीं।

### बकाया रेंट-लीज की वसूली के लिए नोटिस जारी



निगम कमिश्नर ने शुक्रवार मीटिंग में डिफॉल्टरों से बकाया किराया और लीज राशि की वसूली के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। चारों जोनों में डिफॉल्टरों को नोटिस भेजे जा रहे हैं और अधिकारियों को रोजाना प्रगति की समीक्षा करने को कहा गया है।

### चार मंजिलां इमारतें बनवाने वाला अफसर फिर जोन-ए में तैनात

वहीं चर्चा है कि जोन-ए में एक बिल्डिंग ब्रांच के अफसर द्वारा पिछले छह महीने के दौरान धड़ल्ले से अवैध निर्माण करवाए। कमिश्नर नीरू कत्याल द्वारा चार्ज लेते ही सबसे पहले इन अधिकारियों पर ही एक्शन लिया गया था। लेकिन चर्चा है कि अब फिर उक्त अधिकारी को दोबारा जोन-ए में तैनात कर दिया है। शहर में चर्चा है कि एक बार भ्रष्टाचारी अधिकारी का पता चलने के बावजूद उसे फिर उसी जगह तैनात किया जाता है, आखिर इसके पीछे क्या कोई गलत मंशा होती है।

### इंस्पेक्टर सोनी ने गलत कंपाउंड कर पूरे विभाग को परेशानी में डाला

चर्चा है कि कारपोरेशन जोन-सी के अधीन आती गिल रोड, लोहा मार्केट में पंजाब हार्डवेयर स्टोर की बैक साइड सड़क पर बांसल कांप्लेक्स में रमन स्टील फर्म द्वारा कमर्शियल इमारत बनाई गई। चर्चा है कि उक्त बिल्डिंग को बिल्डिंग ब्रांच द्वारा इललीगल ढंग से नियमों के उल्ट कंपाउंड किया गया। जिसमें इंस्पेक्टर दिलीप कुमार सोनी ने अहम रोल अदा किया। यह मामला इतना विवादित हुआ कि उच्च अधिकारियों ने इंस्पेक्टर को पूरे विभाग को परेशानी में डालने पर डांटा। फिर इस कंपाउंड को लीगल करने की तैयारी की गई। एमटीपी विजय कुमार और एटीपी रणधीर सिंह ने कार्रवाई का दावा किया। लेकिन आज तक एक्शन नहीं हुआ, बल्कि उल्ट बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई।

### एक और इंस्पेक्टर स्कूल बचाव में जुटा

वहीं चर्चा है कि जोन-सी में एक अन्य इंस्पेक्टर है, जिसकी और से एक स्कूल का लगातार बचाव करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त इंस्पेक्टर द्वारा कभी स्कूल खिलाफ कार्रवाई करने और कभी न करने के बहाने बनाए जा रहे हैं। जल्द यूटर्न टाइम अखबार द्वारा इस मामले का सबूतों समेत खुलासा किया जाएगा।


पेज 12 महाराजा रणजीत सिंह प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट........

# चंडीगढ़ में सफाई, स्मार्ट पार्किंग और विकास कार्यों पर मेयर सौरभ जोशी की हाई लेवल बैठक

## नगर निगम अधिकारियों को पारदर्शी और टेक्नोलॉजी आधारित प्रशासन सुनिश्चित करने के निर्देश



चंडीगढ़/यूटर्न/29 मई। चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी ने गुरुवार को नगर निगम अधिकारियों के साथ शहर के अहम नागरिक मुद्दों को लेकर हाई लेवल बैठक की। बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, संयुक्त आयुक्त, मुख्य अभियंता और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विशेष चर्चा की गई। इसमें वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन, डोर-टू-डोर गारबेज कलेक्शन, नए एमएसडब्ल्यू नियम-2026 के लागू करने और शहर के सभी सेक्टरों, गांवों तथा कॉलोनियों में स्वच्छता स्तर सुधारने पर जोर दिया गया। मेयर ने अधिकारियों को सफाई सेवाओं की सख्त मॉनिटरिंग और लोगों की शिकायतों का समय पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सफाई कर्मचारियों और नगर निगम कर्मचारियों के कल्याण एवं नौकरी सुरक्षा का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। मेयर ने कर्मचारियों के कार्यस्थल की स्थिति बेहतर बनाने, सुरक्षा उपकरण समय पर उपलब्ध करवाने और लंबित कर्मचारी मामलों का समाधान करने पर जोर दिया।

इसके अलावा चंडीगढ़ की पेड पार्किंग व्यवस्था में बड़े बदलावों को लेकर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने स्मार्ट पार्किंग सिस्टम लागू करने की योजना प्रस्तुत की, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग, सीसीटीवी निगरानी, बूम बैरियर, रियल टाइम पार्किंग मैनेजमेंट और मोबाइल एप्लिकेशन से पार्किंग सुविधा जोड़ने जैसे प्रस्ताव शामिल हैं। बैठक में स्ट्रीट वेंडर्स के पुनर्वास और सुविधाओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेंडिंग जोन व्यवस्थित किए जाएं और असली रेहड़ी-फड़ी वालों की आजीविका सुरक्षित रखते हुए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। मुख्य अभियंता और इंजीनियरिंग विभागों ने बी एंड आर, पब्लिक हेल्थ, हॉर्टिकल्चर और बिजली विभाग से जुड़े चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी दी। मेयर ने लंबित विकास परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में शहर की पेड पार्किंग साइट्स के संचालन के लिए तैयार किए गए ड्राफ्ट टेंडर दस्तावेज की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि पार्किंग साइट्स को चार ऑपरेशनल जोन में बांटने का प्रस्ताव है। सेक्टर-17, सेक्टर-35 सी मार्केट और सेक्टर-22 बी मोबाइल मार्केट जैसे प्रमुख क्षेत्रों में संशोधित पार्किंग दरें लागू करने पर भी चर्चा हुई, ताकि सेक्टर-17 की अंडरग्राउंड मल्टीलेवल पार्किंग का बेहतर उपयोग हो सके।

बैठक के अंत में मेयर और नगर निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्वीकृत प्रावधानों और जनहित से जुड़े सुझावों को अंतिम नीति में शामिल किया जाए, ताकि चंडीगढ़ में पारदर्शी, प्रभावी और तकनीक आधारित नागरिक प्रशासन सुनिश्चित किया जा सके।

# भाजपा पंजाब प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने कमलम कार्यालय में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह से की शिष्टाचार भेंट



चंडीगढ़, /यूटर्न/29 मई। भारतीय जनता पार्टी पंजाब प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने आज भाजपा सेक्टर 33 स्थित कमलम कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा भी उपस्थित रहे। भेंट के दौरान संगठनात्मक विषयों, पार्टी की विचारधारा तथा पंजाब और चंडीगढ़ में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक का वातावरण आत्मीयता, संगठनात्मक समर्पण एवं राष्ट्रसेवा की भावना से ओत-प्रोत रहा। इस अवसर पर जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने केवल सिंह ढिल्लों को पंजाब भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पंजाब प्रदेश में संगठन नई ऊर्जा और मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने भी संगठन के प्रति समर्पण और कार्यकर्ताओं की निष्ठा को भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए संगठन को जनसेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संदेश दिया। यह शिष्टाचार भेंट भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक एकजुटता, समर्पण और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक रही।

# ट्रिब्यून चौक पर नहीं बनेगा फ्लाईओवर, हाईकोर्ट ने परियोजना पर लगाई रोक






अजीत झा.चंडीगढ़/यूटर्न/29 मई। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने ट्रिब्यून चौक पर प्रस्तावित फ्लाईओवर परियोजना को बड़ा झटका देते हुए इसके निर्माण पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा कि मास्टर प्लान-2031 के खिलाफ किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं किया जा सकता। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने दक्षिण मार्ग पर प्रस्तावित फ्लाईओवर को अवैध बताते हुए कहा कि अंडरपास इसका बेहतर वैकल्पिक समाधान हो सकता है। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि चंडीगढ़ की मूल पहचान, हरित विरासत और शहरी डिजाइन को सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता तनु बेदी ने दलील दी कि ट्रिब्यून चौक फ्लाईओवर परियोजना चंडीगढ़ के मास्टर प्लान, विरासत स्वरूप और शहरी नियोजन के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान-2031 के अनुसार चंडीगढ़ को पैदल यात्रियों और साइकिल चालकों के अनुकूल शहर के रूप में विकसित किया जाना था। याचिकाकताओं ने अदालत में कहा कि फ्लाईओवर जैसे बड़े ढांचे शहर की दृश्यात्मक पहचान, हरित पट्टियों और गैर-मोटर चालित परिवहन व्यवस्था को नुकसान पहुंचाएंगे। साथ ही निजी वाहनों के लिए लगातार बुनियादी ढांचा बढ़ाने से ट्रैफिक जाम की समस्या खत्म नहीं होगी, बल्कि केवल एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित होगी। सुनवाई के दौरान यह भी कहा गया कि यह परियोजना चंडीगढ़ की विरासत के लिए 'मृत्यु घंटी' साबित हो सकती है।

# वार्ड नंबर 5 से आम आदमी पार्टी की बड़ी जीत, रविंदर कौर मालवा ने मारी बाजी

चरणजीत सिंह चन्न



जगरांव/यूटर्न/29/मई। स्थानीय चुनावों के आज घोषित परिणामों में वार्ड नंबर 5 से आम आदमी पार्टी (अआढ) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ी जीत दर्ज की है। 'आप' की उम्मीदवार रविंदर कौर मालवा ने अपने विरोधियों को पछाड़ते हुए इस सीट पर कब्जा कर लिया है।

किसे मिले कितने वोट?

इस कड़े मुकाबले में मतदाताओं ने आम आदमी पार्टी के पक्ष में फतवा सुनाया। चुनाव के मुख्य आंकड़े निम्नलिखित हैं:

रविंदर कौर मालवा: आम आदमी पार्टी (AAP), 674

परमिंदर कौर, निर्दलीय 504, कुसुम लता, भारतीय जनता पार्टी (BJP), 272

### 170 वोटों के अंतर से विजेता घोषित

बेहद रोमांचक रहे इस मुकाबले में रविंदर कौर मालवा को कुल 674 वोट हासिल हुए। उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी और कांग्रेस की उम्मीदवार परमिंदर कौर (जिन्हें 504 वोट मिले) को 170 वोटों के बड़े अंतर से मात दी। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार कुसुम लता 272 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहीं।

**विशेष समीकरण: दिग्गज कांग्रेसी नेता के वार्ड में सरोज रानी को मिले 268 वोट:** इस चुनाव में एक बेहद दिलचस्प और चर्चा का विषय बना देने वाला पहलू भी सामने आया है। इसी सीट से कांग्रेस पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़ने वाली सरोज रानी को कुल 268 वोट प्राप्त हुए हैं।

राजनीतिक गलियारों में इस आंकड़े को बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि सरोज रानी के देवर परषोत्तम लाल खलीफा इसी वार्ड के रहने वाले हैं और वे इलाके में कांग्रेस के एक बहुत बड़े दिग्गज नेता के रूप में जाने जाते हैं। खलीफा के भारी राजनीतिक रसूख और जमीनी पकड़ का असर इस वोट बैंक पर साफ तौर पर देखने को मिला है, जिसने मुकाबले के समीकरणों को बेहद दिलचस्प बना दिया। हालांकि कांग्रेसी नेता पुरुषोत्तम लाल खलीफा इस मुकाबले को एक तरफ कहते हुए इस सीट को जीता हुआ बता रहे थे।

जीत की घोषणा होते ही आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और रविंदर कौर मालवा के समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला।

# केंद्र और पंजाब सरकारों को राजनीति से ऊपर उठकर लोगों के हित में मिलकर काम करना चाहिए : टोनी

दलजीत अजनोहा



होशियारपुर/यूटर्न/29 मई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल और डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी के कारण भारत में पेट्रोल और डीजल के दाम काफी बढ़ चुके हैं।हाल ही में ईंधन की कीमतों में हुई ताबड़तोड़ बढ़ोतरी से माल भाड़ा और उत्पादन लागत महंगी हो गई है,जिसकी सीधी मार आम जनता की जेब पर पड़ रही है और रोजमर्रा की चीजें महंगी हो गई हैं।यह बात शिरोमणि अकाली दल वपार विंग के प्रदेश महासचिव धरमिंदर कुमार टोनी ने एक प्रेस बयान जारी कर कही।टोनी ने पैट्रोल,डीजल और सीएनजी की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि आम लोग पहले ही बैमीसाल महंगाई और घरेलू खचों के बढ़ते बोझ तले दबे हुए हैं।टोनी ने कहा कि यदि किसी पैट्रोलियम उत्पाद की कीमत में 5 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि होती है तो केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर यह बोझ उठाना चाहिए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# मां बगलामुखी की कृपा से सिद्ध होते है भक्तों के सभी कार्य : महंत प्रवीण चौधरी


लुधियाना/यूटर्न/29 मई। सिंगला एनक्लेव पक्खोवाल रोड स्थित सिद्धपीठ मां बगलामुखी धाम में सर्व कार्य सिद्धि यज्ञ का भव्य आयोजन महंत प्रवीण चौधरी के सानिध्य में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया । यज्ञ में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मां बगलामुखी के चरणों में बैठकर मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां अर्पित कीं और परिवार की सुख-समृद्धि तथा मंगल कामना की प्रार्थना की।



\यज्ञ के दौरान एससी कमीशन पंजाब के चैयरमैन जसबीर सिंह गढ़ी व समाजसेवी अनमोल क्वात्रा ने नतमस्तक होकर मां बगलामुखी का आशीर्वाद प्राप्त किया। महंत प्रवीण ने उपस्थित मां बगलामुखी के भक्तों को यज्ञ के महत्व से अवगत करवाते हुए कहा कि विधि-विधान से किए गए यज्ञ और मंत्र जाप का विशेष महत्व होता है।

उन्होंने कहा कि मां बगलामुखी की कृपा से भक्तों के सभी कार्य सिद्ध होते हैं तथा जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं। इस अवसर पर मनप्रीत छतवाल, सुनील महाजन, रमन घई, जतिन्द्र सूद, मोहित सूद, सुधीर महाजन, गौरव कालिया, सुनील हांडा, जतिन सूद, संदीप सूद, तरुण चौधरी, परमवीर चौधरी, नरिन्द्र सिंगला, इकबाल सिंह, बलजीत त्रिखा, गौतम सचदेवा, नरिन्द्र महाजन, अंकुश सिंगला, चेतन टंडन, साहिल सिंगला, राज सोंलकी, पंकज गुप्ता, दीपक गर्ग, दिनेश रल्ली, वरूण जैन, मनीष गुप्ता, विजय गुप्ता, प्रवेश चड्ढा, रमन शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## रूह से रूबरू






चारू नागपाल

## आध्यात्मिक होने का असली अर्थ क्या है?

आध्यात्मिक होने का मतलब केवल पूजा-पाठ या धार्मिक अनुष्ठान करना नहीं है, बल्कि अपने भीतर के बंधनों की गाँठें खोलकर विचारों की शुद्धि करना है। मनुष्य के मन में अनेक प्रकार के नकारात्मक भाव जैसे क्रोध, लोभ, ईर्ष्या, अहंकार और भय होते हैं। ये भाव उसके विकास में बाधा बनते हैं और उसे मानसिक अशांति की ओर ले जाते हैं। आध्यात्मिकता का मार्ग इन बंधनों से मुक्त होकर आत्मचिंतन और आत्मज्ञान की ओर बढ़ने का मार्ग है।

जब व्यक्ति अपने विचारों को शुद्ध करता है, तब उसके मन में सकारात्मकता, प्रेम, करुणा और सहनशीलता का विकास होता है। वह दूसरों के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना रखता है। आध्यात्मिक व्यक्ति बाहरी दिखावे की अपेक्षा अपने आंतरिक गुणों को सुधारने पर ध्यान देता है। वह जीवन की कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और संतुलन बनाए रखता है।

विचारों की शुद्धि से मन शांत होता है और व्यक्ति सही निर्णय लेने में सक्षम बनता है। आध्यात्मिकता हमें स्वयं को समझने, अपनी कमियों को पहचानने और उन्हें दूर करने की प्रेरणा देती है। इसलिए कहा जा सकता है कि आध्यात्मिक होने का वास्तविक अर्थ अपने मन के बंधनों को खोलकर विचारों को पवित्र और सकारात्मक बनाना है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या Husband या Wife बिना बताए Bank Account चेक कर सकते हैं?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

वैवाहिक विवादों में आर्थिक पारदर्शिता (financial transparency) एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन जाती है। कई बार एक पक्ष दूसरे के bank accounts, transactions या investments की जानकारी प्राप्त करने की कोशिश करता है।

लेकिन कानूनी रूप से हर व्यक्ति के bank account और financial records को निजी (confidential) माना जाता है। केवल पति या पत्नी होने के आधार पर किसी को दूसरे के bank account तक unrestricted access नहीं मिल जाता।

यदि account joint account है, तो दोनों पक्षों को जानकारी और संचालन का अधिकार हो सकता है। लेकिन individual account के मामले में बिना अनुमति access करना या unauthorized तरीके से information प्राप्त करना कानूनी विवाद पैदा कर सकता है। हालांकि, maintenance, alimony या property disputes जैसे मामलों में अदालत financial disclosure का आदेश दे सकती है। ऐसी स्थिति में ुल्ल' statements और financial records कानूनी प्रक्रिया के तहत प्रस्तुत करने पड़ सकते हैं।

Courts यह सुनिश्चित करने की कोशिश करती हैं कि आर्थिक सच्चाई सामने आए, लेकिन साथ ही privacy और legal procedure का भी पालन हो।

कई लोग secretly passwords, OTPs या online banking details access करने की कोशिश करते हैं, जो cyber law और privacy issues का कारण बन सकता है।

निष्कर्ष: पति-पत्नी होने से एक-दूसरे के व्यक्तिगत bank accounts पर स्वत: अधिकार नहीं मिल जाता। Financial records केवल कानूनी प्रक्रिया और उचित अधिकार के तहत ही प्राप्त किए जाने चाहिए।

# डीके शिवकुमार 5 जून को मुर्हत के अनुसार कर्नाटक के सीएम पद की शपथ लेंगे

चंडीगढ़/यूटर्न/29 मई। डीके शिवकुमार कर्नाटक के मुख्यमंत्री बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, ऐसे में सवाल यह है कि वह शपथ कब लेंगे। कुछ लोगों का कहना है कि वह 1 जून या 3 जून को शपथ लेंगे, लेकिन सूत्रों के अनुसार उनके ज्योतिषी के मन में एक और मुहूर्त है 5 जून को अभिजीत लग्न। सूत्रों के मुताबिक, अपने ज्योतिषी बीपी आराध्य की सलाह पर, डीके शिवकुमार शुक्रवार को दोपहर 12:30 बजे अभिजीत लग्न के दौरान शपथ ले सकते हैं। उनके एक अन्य ज्योतिषी, राजगुरु द्वारकानाथ गुरुजी ने बताया, पहली बार मंत्री बनने से पहले ही मैंने उनसे कह दिया था कि एक दिन वह सीएम बनेंगे। मैंने उन्हें शपथ ग्रहण के लिए 4 या 5 जून का समय दिया है। जब दिल्ली में फैसला होने के बाद उन्होंने मुझे फोन किया, तब मैं श्रृंगेरी में उनके लिए प्रार्थना कर रहा था। वह लंबे समय तक मुख्यमंत्री के रूप में सेवा करेंगे। 5 जून को अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजे से 12:48 बजे तक रहेगा। यह 48 मिनट का समय दिन के सबसे शुभ और शक्तिशाली समयों में से एक माना जाता है, जो नए काम शुरू करने, अनुबंधों पर हस्ताक्षर करने या पवित्र अनुष्ठान करने के लिए उत्तम है।



### भगवान को समर्पित

यह भगवान विष्णु और भगवान शिव को समर्पित है, जो विजय, सफलता और दोषों को दूर करने का प्रतीक है। इसे व्यवसाय शुरू करने, यात्रा करने, संपत्ति खरीदने, पूजा-पाठ करने या जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए शुभ माना जाता है। अन्य ज्योतिषीय समयों के विपरीत, जो जटिल चंद्र गणनाओं पर आधारित होते हैं, अभिजीत मुहूर्त हर दिन स्थानीय सूर्योदय और सूर्यास्त के ठीक मध्य में आता है।

### क्या प्रवेश द्वार बदला जाएगा?

सूत्रों के अनुसार, कुमारकृपा गेस्ट हाउस जो शिवकुमार का आधिकारिक आवास है का प्रवेश द्वार ज्योतिषी की सलाह पर बदला जा सकता है। बताया जा रहा है कि शिवकुमार ने अपने ज्योतिषी के सुझावों का पालन करते हुए निर्देश दिया है कि निकास द्वार को ही प्रवेश द्वार बना दिया जाए। उनके सचिव राजेंद्र प्रसाद और आराध्य ने उस जगह का मुआयना किया है। शिवकुमार ने विधान सौध की भव्य सीढ़ियों पर शपथ लेने का फैसला किया है। उन्होंने मुख्य सचिव को समारोह की तैयारियों के लिए बुलाया है। डीके शिवकुमार के नए सीएम के तौर पर शपथ लेने के बाद, कुछ विधायक भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेंगे।

# सेवा केंद्र कर्मचारियों की हड़ताल से सेवाएं ठप

मुल्लांपुर/यूटर्न/29 मई। पूरे पंजाब में सेवा केंद्र कर्मचारियों द्वारा की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण स्थानीय शहर के सेवा केंद्र की सेवाएं पूरी तरह ठप रहीं, जिससे काम करवाने आए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग हड़ताल की जानकारी न होने के कारण सेवा केंद्र पर ताला लगा देखकर वापस लौटते रहे, क्योंकि सभी कर्मचारी लुधियाना मिनी सचिवालय स्थित डी.सी. कार्यालय के बाहर अपने रोष प्रदर्शन में शामिल थे। अपनी मांगों संबंधी जानकारी देते हुए सेवा केंद्र कर्मचारियों ने बताया कि कंप्यूटर ऑपरेटर, हेल्प डेस्क ऑपरेटर आदि कर्मचारियों को पक्का करने की मांग को लेकर पूरे पंजाब में अनिश्चितकालीन हड़ताल की गई है। उन्होंने बताया कि सेवा केंद्रों में 'बराबर काम-बराबर वेतन' लागू करने की मांग के अलावा कंपनी हर महीने समय पर वेतन भी नहीं दे रही और बिना वजह वेतन में कटौती की जा रही है। कर्मचारियों ने मांग की कि यह कटौती बंद की जाए और सभी कर्मचारियों को समय पर वेतन दिया जाए।

# 80 साल की मां की पुकार: बेटों के संपत्ति विवाद में घिरी जिंदगी, बोलीं- अब न्याय दिलाओ सरकार

## चंडीगढ़ प्रेस क्लब में मां का छलका दर्द, कहा छोटे बेटे जितेंद्र कपूर द्वारा मेरे और मझले बेटे रणबीर कपूर पर झूठे केस और प्रताड़ना का सिलसिला जारी

अजीत झा

चंडीगढ़/लुधियाना/यूटर्न/29 मई। चंडीगढ़ प्रेस क्लब, सेक्टर-27 में आयोजित एक भावुक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 80 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक महिला कामनी कपूर ने अपने ही परिवार के भीतर चल रहे संपत्ति विवाद, कथित मानसिक उत्पीड़न और झूठी पुलिस कार्रवाई को लेकर न्याय की गुहार लगाई। लुधियाना गुरदेव नगर निवासी कामनी कपूर ने आरोप लगाया कि उनका परिवार पिछले कई महीनों से साजिश, झूठे मुकदमों और दबाव की राजनीति का शिकार बन रहा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन से उन्हें अब तक राहत नहीं मिली। बुजुर्ग महिला ने यहां तक कहा कि उसे और उसके बेटे रणबीर को जान से मारने तक की कोशिश की गई और अभी भी उन्हें अपनी जान का खतरा बना हुआ है। कामनी ने कहा कि अगर उसे या रणबीर और उसके परिवार को कुछ होता है तो उसके लिए जितेंद्र कपूर, रणजोत सिंह और उसके साथी जिम्मेदार होंगे। कामनी कपूर ने प्रेस वार्ता के दौरान अपने छोटे बेटे जितेंद्र कपूर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह कुछ 'शरारती और प्रभावशाली लोगों' के साथ मिलकर उनके मझले बेटे रणवीर कपूर और उसके परिवार को लगातार परेशान कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि अगस्त 2024 से उनके परिवार को मानसिक, सामाजिक और कानूनी



### कई लोगों पर दबाव बनाने का आरोप

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कामनी कपूर ने आरोप लगाया कि जितेंद्र कपूर और उससे जुड़े कुछ लोग भी शामिल हैं। उन्होंने दावा किया कि ये लोग लगातार उनके परिवार पर दबाव बना रहे हैं और माहौल को भयपूर्ण बना रहे हैं।

### जहां कभी गया ही नहीं, वहां भी दर्ज हो रहे केस

कामनी कपूर ने आरोप लगाया कि रणवीर कपूर का जिन स्थानों से कोई लेना-देना नहीं, वहां भी पुलिस के साथ कथित मिलीभगत कर उसके खिलाफ झूठे मामले दर्ज करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिना निष्पक्ष जांच के पुलिस उनके बेटे और परिवार के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार कर रही है। उनका कहना है कि यह पूरा मामला संपत्ति विवाद से जुड़ा हुआ है और रणवीर कपूर की संपत्ति पर कब्जा करने के उद्देश्य से यह सब किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनका परिवार लगातार भय और तनाव में जी रहा है।

### वरिष्ठ नागरिक हूं, फिर भी न्याय के लिए भटक रही हूं

भावुक होते हुए कामनी कपूर ने कहा कि एक वरिष्ठ नागरिक होने के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिल रहा। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार, प्रशासन, पुलिस विभाग और मानवाधिकार आयोग को कई बार शिकायतें भेजी गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने हाथ जोड़कर मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार और पंजाब प्रशासन से अपील की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उनके परिवार को सुरक्षा और न्याय दिलाया जाए। कामनी कपूर ने कहा कि लगातार हो रही प्रताड़ना के कारण उनका जीना मुश्किल होता जा रहा है।

### न्याय की आस में बुजुर्ग मां की गुहार

80 वर्षीय कामनी कपूर की यह प्रेस कॉन्फ्रेंस केवल एक पारिवारिक विवाद नहीं, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, पुलिस कार्रवाई की पारदर्शिता और संपत्ति विवादों में बढ़ते तनाव पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

# त्योहार-उत्सव छोड़ वर्दी का साथ निभाने वाले हमारे पुलिसकर्मी हमेशा रहेंगे इस परिवार का हिस्सा: डीसीपी सृष्टि गुप्ता

## पंचकूला पुलिस लाइन में ढोल-नगाड़ों, तालियों और सम्मान के साथ पंचकूला पुलिस के चार कर्मियों की शानदार विदाई

पंचकूला, /यूटर्न/29 मई। समाज की सुरक्षा में अपने जीवन के स्वर्णिम वर्ष समर्पित करने के बाद, आज पंचकूला पुलिस परिवार के चार कर्तव्यनिष्ठ सदस्य अपनी लंबी और गौरवशाली सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त हो गए। पंचकूला स्थित पुलिस लाइन में आयोजित विदाई समारोह का माहौल बेहद अनूठा रहा, जहाँ एक तरफ वर्षों की खट्टी-मीठी और मस्ती भरी यादें थीं, तो दूसरी तरफ ढोल-नगाड़ों की गूंजती धुनें। इस गरिमामयी समारोह में इंस्पेक्टर मुल्ख राज, ऑनरेरी इंस्पेक्टर जसमैल सिंह, ऑनरेरी इंस्पेक्टर मोहिन्द्र सिंह और ईएसएसआई बलविंदर सिंह को उनके बेहतरीन कार्यकाल के लिए पूरे सम्मान के साथ विदाई दी गई।



विभाग के आला अधिकारियों और साथी कर्मचारियों ने मुस्कान के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में डीसीपी ने पुलिस सेवा की कठिनाइयों का जिक्र करते हुए कहा कि एक पुलिसकर्मी का जीवन बेहद त्याग भरा होता है। उन्होंने बिना किसी त्योहार या उत्सव की परवाह किए, लगातार खाकी वर्दी का फर्ज निभाने के लिए सभी चारों पुलिसकर्मियों और विशेष रूप से उनके परिवारों का आभार व्यक्त किया। डीसीपी ने विश्वास दिलाया कि भले ही वे आज सेवामुक्त हो रहे हैं, लेकिन पंचकूला पुलिस हमेशा एक परिवार की तरह उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने चारों अधिकारियों को जीवन की इस दूसरी पारी को खुलकर और जी भर के जीने के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। इस विदाई समारोह में उपस्थित एसीपी सुरेन्द्र सिंह ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके आगामी जीवन को स्वास्थ्य और खुशियों से भरपूर जीने की कामना की। वहीं, डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने भी सभी चारों पुलिसकर्मियों के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# चंडीगढ़ गोल्फ क्लब पर हाईकोर्ट सख्त, एक महीने में लागू करना होगा आरटीआई कानून

## सार्वजनिक जमीन और सरकारी रियायतों का लाभ लेने वाली संस्था जवाबदेही से नहीं बच सकती : कोर्ट

अजीत झा.चंडीगढ़, /यूटर्न/29 मई। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ गोल्फ क्लब को बड़ा झटका देते हुए उसे सूचना का अधिकार कानून के तहत 'पब्लिक अथॉरिटी' मानने के आदेश को बरकरार रखा है। अदालत ने क्लब को एक महीने के भीतर आरटीआई व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि सार्वजनिक जमीन और सरकारी रियायतों का लाभ लेने वाली कोई भी संस्था पारदर्शिता और जवाबदेही से बच नहीं सकती। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि क्लब के सदस्य करदाताओं के पैसे पर गोल्फ खेलने का लाभ उठाना चाहते हैं, तो उन्हें जवाबदेही भी स्वीकार करनी होगी। मामले में केंद्रीय सूचना आयोग ने 8 अक्टूबर 2012 को आदेश जारी करते हुए चंडीगढ़ गोल्फ क्लब को आरटीआई कानून के तहत पब्लिक अथॉरिटी घोषित किया था। इसके खिलाफ क्लब ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस पर उसे अंतरिम राहत मिल गई थी। अब हाईकोर्ट ने क्लब की याचिका खारिज करते हुए केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश को सही ठहराया है। अदालत ने फैसले में क्लब को मिली सरकारी रियायतों का भी विस्तार से उल्लेख किया। कोर्ट के अनुसार वर्ष 2003 की दरों पर क्लब का अनुमानित मासिक किराया 33.45 लाख रुपये था, जबकि क्लब केवल 8,530 रुपये प्रतिमाह का भुगतान कर रहा था। इसमें 8,200 रुपये किराया और 330 रुपये लीज शुल्क शामिल था। अदालत ने इसे भारी सरकारी वित्तीय सहायता का स्पष्ट उदाहरण माना। फैसले में यह भी कहा गया कि क्लब चंडीगढ़ के बीचोंबीच लगभग 132 एकड़ सरकारी जमीन पर बना हुआ है, जिसकी अनुमानित कीमत 1000 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई थी।



# शेयर बाजार क्रैश: निफ्टी पाँच मिनट में 200 से ज्यादा अंक गिरा, सेंसेक्स 1,000 अंक नीचे, जानिए क्यों !

चंडीगढ़/यूटर्न/29 मई। शुक्रवार को ट्रेडिंग के आखिरी घंटे में तेजी से गिरने के बाद, निफ्टी और सेंसेक्स लगातार तीसरे दिन लाल निशान में बंद हुए। निफ्टी 1.50 प्रतिशत नीचे और सेंसेक्स 1.44 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। निफ्टी 1.77 प्रतिशत तक गिरकर 23,519 पर ट्रेड कर रहा था, जबकि सेंसेक्स 3:10 बजे 1.69 प्रतिशत तक गिरकर 74,711 पर आ गया। यह आज एमएससीआई में हुए बदलावों के कारण हुआ है। नुवामा के अनुसार, एमएससीआई स्टैंडर्ड इंडेक्स में भारत का वेटेज 12.4 प्रतिशत से थोड़ा कम होकर 12.3 प्रतिशत होने की उम्मीद है। इंडेक्स में शामिल शेयरों में, पावरग्रिड और इंटरग्लोब एविएशन ट्रेडिंग में सबसे ज्यादा पिछड़ने वाले शेयर रहे, दोनों शेयरों में लगभग 4 प्रतिशत की गिरावट आई। यह कमजोरी हर तरफ फैली हुई थी, निफ्टी क्ळ को छोड़कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में ट्रेड कर रहे थे, जो पॉज़िटिव रहने में कामयाब रहा।




### निफ्टी ऑयल एंड गैस में खराब प्रदर्शन

निफ्टी ऑयल एंड गैस आज सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला सेक्टर रहा, जिसमें 2 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई। इंडेक्स के भीतर, एगिस वोपक टर्मिनल्स को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ, जो 4.5 प्रतिशत से ज्यादा गिरा, उसके बाद ऑयल एंड नेचुरल गैस कारपोरेशन का नंबर आया, जो 3 प्रतिशत से ज्यादा गिरा।

# मानसून से पहले सुखना झील को संजीवनी, शुरू हुआ डी-सिल्टेशन अभियान

## वर्षों से जमा गाद हटाने में जुटा प्रशासन, बढ़ेगी जल भंडारण क्षमता

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/29 मई। चंडीगढ़ की पहचान और जीवनरेखा मानी जाने वाली सुखना झील में मानसून से पहले बड़े स्तर पर डी-सिल्टेशन अभियान शुरू किया गया है। झील में वर्षों से जमा गाद को हटाने के लिए प्रशासन ने नियामक छोर पर चार पोकलेन मशीनें तैनात की हैं। अधिकारियों के अनुसार यह अभियान 15 जून तक चलेगा और प्रतिदिन कई टिप्परों में गाद बाहर निकाली जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि झील में लगातार जमा हो रही गाद के कारण जल भंडारण क्षमता काफी कम हो गई थी। यही वजह रही कि बारिश के दौरान पानी का स्तर 1163 फीट तक पहुंचने पर बाढ़ द्वार खोलने पड़ते थे। गाद हटने के बाद झील अधिक मात्रा में बरसाती पानी रोक सकेगी, जिससे गर्मियों में जलस्तर तेजी से नहीं गिरेगा।

इस समय तेज गर्मी के कारण सुखना झील का बड़ा हिस्सा सूख चुका है। प्रशासन ने इसे डी-सिल्टेशन के लिए सबसे उपयुक्त समय माना है। विशेषज्ञों के मुताबिक झील से गाद निकालना बेहद जटिल प्रक्रिया होती है और यह तभी संभव हो पाती है जब झील का कोई हिस्सा पूरी तरह सूख जाए।

### पांच वर्षीय एकीकृत प्रबंधन योजना पर काम

प्रशासन ने वर्ष 2025 में सुखना झील के संरक्षण और जल क्षमता बढ़ाने के लिए पांच वर्षीय एकीकृत प्रबंधन योजना तैयार की थी।



यह योजना वर्ल्ड वाइड फंड के सहयोग से बनाई गई है। योजना के तहत झील का जलस्तर बनाए रखने, जलीय जीवों के संरक्षण और आसपास के पर्यावरण को बेहतर बनाने पर फोकस किया गया है।

मुख्य वन संरक्षक सौरभ कुमार ने बताया कि वर्षों से जमा गाद को हटाने से झील की जलधारण क्षमता में सुधार होगा और मानसून के दौरान अधिक पानी संग्रहित किया जा सकेगा।

### शिवालिक से आने वाली मिट्टी बनी बड़ी समस्या

सुखना झील का निर्माण वर्ष 1958 में शिवालिक पहाड़ियों से आने वाले बरसाती पानी को रोकने के लिए किया गया था। सुखना चो नाले पर बांध बनाकर इस झील को विकसित किया गया था। लेकिन वर्षों से पहाड़ियों से बहकर आने वाली मिट्टी और गाद झील की तलहटी में जमा होती रही, जिससे इसकी जल क्षमता लगातार घटती गई।

विशेषज्ञों के अनुसार एक समय ऐसा भी आया जब झील का जलस्तर 1152 से 1153 फीट तक पहुंच गया था और झील का बड़ा हिस्सा सूख गया था। हाल ही में उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी के बाद प्रशासन ने डी-सिल्टेशन प्रक्रिया को प्राथमिकता देते हुए अभियान तेज कर दिया है।

# २ जून को मोहाली में अध्यापकों और शिक्षा-विरोधी नीतियों के खिलाफ रोष रैली



दलजीत अजनोहा

होशियारपुर/यूटर्न/29 मई। गवर्मेंट टीचर्स यूनियन के जिला नेताओं नरिंदर अजनोहा, परमजीत कातिब और उंकार सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार अध्यापकों पर कई प्रकार की गैर-शैक्षिक ड्यूटी थोपकर उन्हें परेशान कर रही है।

नेताओं ने बताया कि अध्यापकों को बीमा कार्ड योजना, ड्रग्स संसेस, बी.एल.ओ., चुनाव ड्यूटी, एस.आई.आर. का काम, पराली जलाने सम्बंधी ड्यूटी, संसेस और स्कूलों में मिशन समृध्दि, चानण-रिश्मां, डिटॉल प्रोजेक्ट आदि जैसी कई तरह की गैर-शैक्षिक परियोजनाएँ चलाने को कहा जा रहा है, जिससे उनका मानसिक तनाव बढ़ रहा है। वहीं, शिक्षा विभाग इस सब को देख कर मौन दर्शक बना हुआ है।

उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा विभाग में प्रमोशन नहीं होने के कारण प्रबंधकीय पद खाली हैं और स्कूलों का कार्य सामान्य रूप से नहीं चल पा रहा। उन्होंने पुरानी पेंशन बहाल करने, केंद्रीय वेतनमान (जुलाई 2020) से संबंधित पत्र व 2015 की परख काल संबंधी पत्र को रद्द करने, रिकास्ट के तहत अध्यापकों को परेशान करना बंद करने, सभी अध्यापकों को तबादले का अवसर देने तथा अन्य न्यायसंगत मांगों की पूर्ति करने की माँग उठाई है। इन मांगों व नाराजगी को लेकर 2 जून को मोहाली के विद्या भवन के समक्ष जोरदार रोष रैली व प्रदर्शन किया जा रहा है। जी.टी.यू. के नेताओं ने समस्त अध्यापकों से अपील की है कि इस रोष प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल हों।

इस अवसर पर जसविंदर सिंह, अजे कुमार, पवन कुमार, हरीश पुरी, मनजिंदर सिंह, उंकार तनूली, संदीप कुमार, सुरजीत सिंह, मखन सिंह, हरमनोज कुमार, इंद्रजीत सिंह, मनजिंदर कुमार, पवनवीर सिंह, अशोक कुमार, जसविंदर सिंह, भूपिंदर सिंह, बलजीत सिंह, गुरमन सिंह, हरविंदर सिंह आदि उपस्थित थे।

# शामचुरासी नगर कॉउंसिल के चुनाव 13 जून को होंगे, नामांकन पत्र शनिवार से लिए जाएंगे

दलजीत अज्नोहा



होशियारपुर/यूटर्न/29 मई। राज्य चुनाव आयोग द्वारा नगर कॉउंसिल, शामचुरासी के मतदान संबंधी जारी किए गए विवरण के अनुसार 30 मई (शनिवार) से नामांकन-पत्र स्वीकार किए जाएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए उप आयुक्त-कम-जिला चुनाव अधिकारी आशिका जैन ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार नगर कॉउंसिल, शामचुरासी के मतदान 13 जून 2026 (शनिवार) को होंगे। उन्होंने कहा कि 30 मई 2026 से सुबह 11 बजे के बाद से दोपहर 3 बजे तक नामांकन-पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन-पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 3 जून 2026 है और इसे दोपहर 3:00 बजे तक जमा किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि 4 जून 2026 को नामांकन-पत्रों की जांच की जाएगी और 5 जून 2026 को दोपहर 3:00 बजे तक नामांकन-पत्र वापस लिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदान 13 जून 2026 को सुबह 8:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक होगा और उसी दिन मतदान समाप्त होने के बाद मतों की गिनती शुरू कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि शामचुरासी नगर कॉउंसिल के 9 वार्डों के चुनावों के नामांकन-पत्र नगर कॉउंसिल में कार्यसाधक अधिकारी के कक्ष संख्या 3 में प्राप्त किए जाएंगे।

# पंचकूला में 31 मई को हाई अलर्ट, रामगढ़ रेंज में होगा हाई कैलिबर बम परीक्षण



अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/29 मई। पंचकूला के रामगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में 31 मई को हाई अलर्ट घोषित किया गया है। रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्यरत टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी (टीबीआरएल) द्वारा रामगढ़ रेंज में हाई कैलिबर बम का परीक्षण किया जाएगा। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर आसपास के गांवों और कॉलोनियों के लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। डीआरडीओ के वैज्ञानिकों की ओर से जारी सूचना के अनुसार यह परीक्षण रविवार सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक विस्फोट के दौरान बम के टुकड़े करीब 1.5 किलोमीटर तक हवा में जा सकते हैं, जबकि जमीन पर लगभग दो किलोमीटर क्षेत्र को स्प्लिंटर डेंजर जोन घोषित किया गया है। टीबीआरएल के टेक्नोलॉजी डायरेक्टर सी. सरकार ने उपायुक्त पंचकूला को भेजे पत्र में विशेष रूप से भानू और बिल्ला गांव के निवासियों को निर्धारित समय के दौरान घरों के अंदर रहने की सलाह देने को कहा है। इसके अलावा असरैवाली, नग्गल, मोगीनंद, किशनगढ़, टीएमवी कॉलोनी और रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के लोगों को भी सतर्क रहने के निर्देश जारी किए गए हैं।

जिला प्रशासन ने संबंधित गांवों में मुनादी करवाने और लोगों को पहले से जागरूक करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। परीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और नागरिक सुरक्षा कर्मियों की तैनाती बढ़ा दी गई है, ताकि कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश न कर सके।

# जगरांव नगर कौंसिल चुनाव २०२६: 'आप' और कांग्रेस के बीच बराबरी, दोनों ने जीतीं 9-9 सीटें

## भाजपा को मिलीं 4 सीटें, एक निर्दलीय उम्मीदवार भी जीता, अकाली दल का खाता तक नहीं खुला

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूर्टन/29 मई। जगरांव नगर परिषद चुनाव 2026 के नतीजे घोषित होने के बाद शहर की राजनीति में एक नई चर्चा छिड़ गई है। 23 वार्डों के परिणामों के अनुसार, आम आदमी पार्टी (अअढ) और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और दोनों पार्टियों ने 9-9 सीटें जीतकर बराबरी हासिल की। भारतीय जनता पार्टी (इखढ) के खाते में 4 सीटें गईं, जबकि एक निर्दलीय उम्मीदवार ने भी जीत दर्ज की। शिरोमणि अकाली दल (रअऊ) इस बार अपना खाता खोलने में भी नाकाम रहा।



### वार्ड के अनुसार चुनावी नतीजे (1 से 23)

वार्ड नंबर 1: कांग्रेस की गुरप्रीत कौर ततला ने 597 वोट हासिल करके आम आदमी पार्टी की परमजीत कौर को 44 वोटों से हराया।

वार्ड नंबर 2: आम आदमी पार्टी के जगजीत सिंह जग्गी ने 601 वोट पाकर कांग्रेस के अवतार सिंह विर्क को 126 वोटों के अंतर से मात दी।

वार्ड नंबर 3: कांग्रेस की राजिंदर कौर ठुकराल ने 618 वोटों के साथ आम आदमी पार्टी की अमरजीत कौर को 75 वोटों से हराया।

वार्ड नंबर 4: निर्दलीय उम्मीदवार दविंदरजीत सिंह सिद्धू ने 640 वोट प्राप्त कर आम आदमी पार्टी के अमरजीत सिंह मालवा को 306 वोटों से हराया और इकलौती निर्दलीय जीत दर्ज की।

वार्ड नंबर 5: आम आदमी पार्टी की रविंदरपाल कौर मालवा ने 674 वोट हासिल करके निर्दलीय उम्मीदवार परमिंदर कौर को 170 वोटों से हराया।

वार्ड नंबर 6: आम आदमी पार्टी के कुलवंत सिंह ने 598 वोटों के साथ कांग्रेस के जरनैल सिंह लोहट को 335 वोटों के बड़े अंतर से मात दी।

वार्ड नंबर 7: कांग्रेस की मनजीत कौर ने 647 वोट हासिल कर आम आदमी पार्टी की गीता को 90 वोटों से हराया।

वार्ड नंबर 8: कांग्रेस के विक्की सिंह ने 114 वोट हासिल करके निर्दलीय उम्मीदवार सोहन सिंह को महज 21 वोटों से मात दी।

वार्ड नंबर 9: कांग्रेस की परमिंदर कौर कल्याण ने 556 वोटों के साथ शिरोमणि अकाली दल की नरिंदरजीत कौर को 107 वोटों से हराया।

वार्ड नंबर 10: आम आदमी पार्टी के कंवरपाल सिंह ने 693 वोट प्राप्त कर कांग्रेस के बहादुर सिंह योद्धा को 252 वोटों से हराया।

वार्ड नंबर 11: आम आदमी पार्टी के गुरप्रीत सिंह ने 815 वोट हासिल कर कांग्रेस के विक्रम जस्सी को 451 वोटों के बड़े अंतर से मात दी।

वार्ड नंबर 12: आम आदमी पार्टी के राम प्रताप सिंह ने 536 वोट लेकर कांग्रेस के अमन कपूर को 27 वोटों के करीबी मुकाबले में हराया।

वार्ड नंबर 13: आम आदमी पार्टी की सुनैना मल्होत्रा ने 491 वोट प्राप्त कर कांग्रेस की अनीता रानी को 88 वोटों से हराया।

वार्ड नंबर 14: कांग्रेस के सुखचैन सिंह ने 658 वोट हासिल करके शिरोमणि अकाली दल के धर्मेंद्र सिंह को 265 वोटों से मात दी।

वार्ड नंबर 15: भाजपा की रजनी चोपड़ा ने 806 वोट प्राप्त कर कांग्रेस की गगन सभरवाल को 165 वोटों से हराया।

वार्ड नंबर 16: आम आदमी पार्टी के करमजीत सिंह कैंथ ने 522 वोटों के साथ भाजपा के अंकुश धीर को 32 वोटों से हराया।

वार्ड नंबर 17: भाजपा की नैन्सी वर्मा ने 505 वोट प्राप्त कर शिरोमणि अकाली दल की परदीप कौर ढिल्लों को 277 वोटों से मात दी।

वार्ड नंबर 18: भाजपा के सतीश कुमार ने 779 वोट हासिल करके कांग्रेस के परमजीत सिंह को 503 वोटों के सबसे बड़े अंतर से हराया।

वार्ड नंबर 19: भाजपा की सुमन देवी ने 526 वोट प्राप्त कर आम आदमी पार्टी की परमजीत कौर सिद्धू को 174 वोटों से मात दी।

वार्ड नंबर 20: कांग्रेस के जतिंदर पाल ने 752 वोट हासिल करके निर्दलीय उम्मीदवार हनी कुमार को 198 वोटों से हराया।

वार्ड नंबर 21: कांग्रेस की कविता रानी ने 785 वोट प्राप्त कर भाजपा की जोति रानी को 148 वोटों से मात दी।

वार्ड नंबर 22: कांग्रेस के वरिंदर सिंह कलेर ने 493 वोट हासिल करके आम आदमी पार्टी के प्रहलाद राय सिंगला को 64 वोटों से हराया।

वार्ड नंबर 23: आम आदमी पार्टी की गुरमीत कौर ने 388 वोट प्राप्त कर शिरोमणि अकाली दल की सुखदीप कौर धालीवाल को 95 वोटों से मात दी।

### पार्टीवार अंतिम स्थिति

राजनीतिक दल जीती गई सीटें

- आम आदमी पार्टी (AAP)
  9 सीटें
- कांग्रेस (INC)
  9 सीटें
- भारतीय जनता पार्टी (BJP)
  4 सीटें
- निर्दलीय (IND)
  1 सीट
- शिरोमणि अकाली दल (SAD)
  0 सीट

चुनाव की खास बातें,सबसे बड़ी जीत: भाजपा के सतीश कुमार ने वार्ड नंबर 18 में 503 वोटों के रिकॉर्ड अंतर से दर्ज की।

दूसरी बड़ी जीत: आम आदमी पार्टी के गुरप्रीत सिंह नोनी सेंबी ने वार्ड नंबर 11 में 451 वोटों के बड़े अंतर से जीत हासिल की।

सबसे करीबी मुकाबला: वार्ड नंबर 8 में रहा, जहाँ कांग्रेस के विक्की सिंह सिर्फ 21 वोटों से विजयी रहे।

दूसरा कड़ा मुकाबला: वार्ड नंबर 12 में भी देखने को मिला, जहाँ राम प्रताप सिंह केवल 27 वोटों से जीते।

निर्दलीय का दम: निर्दलीय उम्मीदवार दविंदरजीत सिंह सिद्धू ने वार्ड नंबर 4 में शानदार जीत दर्ज कर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

23 वार्डों के इन नतीजों ने जगरांव की सियासी तस्वीर को बेहद दिलचस्प बना दिया है। 'आप' और कांग्रेस दोनों के 9-9 पार्षद जीतने के कारण अब नगर कौंसिल के आगामी नेतृत्व और कौंसिल अध्यक्ष (प्रधान) के चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां और तेज होने की संभावना है।

# कराटे चैंपियनशिप में G.H.G अकादमी का दबदबा 15 स्वर्ण समेत जीते कुल 22 पदक

## होली चाइल्ड छात्रा गुरलीन कौर का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन, स्कूल में जश्न का माहौल

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/29/मई। शिक्षा के साथ-साथ खेल जगत में भी अपनी अनूठी पहचान बना रहे जी.एच.जी अकादमी जगरांव के खिलाड़ियों ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। जिला कराटे चैंपियनशिप में अकादमी के छात्र-छात्राओं ने अपने अद्भुत कौशल, कड़े अनुशासन और बेमिसाल खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम पूरे जिले में रोशन किया है।

इस कड़े मुकाबले में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए लगभग 210 धाकड़ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, जिन्हें पछाड़ते हुए ऋूल.ऋृअकादमी के जांबाजों ने कुल 22 पदकों पर अपना कब्जा जमाया।



### पदकों का शानदार सफरनामा

विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक जीत का विवरण कुछ इस प्रकार है:

| पदक का प्रकार | संख्या |
|---|---|
| स्वर्ण पदक (Gold) | 15 |
| रजत पदक (Silver) | 04 |
| कांस्य पदक (Bronze) | 03 |
| कुल पदक | 22 |

### गुरलीन कौर ने बढ़ाया मान, राज्य स्तर पर दिखाएंगी दम

इस जीत की खुशी उस समय दोगुनी हो गई, जब विद्यालय की बेहद होनहार और प्रतिभावान खिलाड़ी गुरलीन कौर ढिल्लों का चयन आगामी राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए हुआ। गुरलीन की इस स्वर्णिम सफलता ने स्कूल के बाकी छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्त्रोत का काम किया है।

*'यह ऐतिहासिक सफलता हमारे विद्यार्थियों की दिन-रात की कठिन मेहनत, अटूट अनुशासन और हमारे कोच (प्रशिक्षकों) के बेहतरीन मार्गदर्शन का नतीजा है। हमें अपने बच्चों पर गर्व है।' -G.H.G अकादमी*

### स्कूल परिसर में जश्न, उज्ज्वल भविष्य की कामना

शानदार जीत के बाद विद्यालय के प्रिंसिपल और समस्त स्टाफ सदस्यों ने विजेता खिलाड़ियों और उनके कोचों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। स्कूल प्रशासन ने भरोसा जताया कि ये खिलाड़ी आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम चमकाएंगे। इस जीत से पूरे जगरांव इलाके में खुशी की लहर है और G.H.G अकादमी खेल उत्कृष्टता की एक नई मिसाल बनकर उभरी है।

# हल्लोमाजरा के वार्ड-20 में सीवरेज व्यवस्था फेल, गंदे पानी से लोग परेशान

## एक सप्ताह से जाम पड़ी मेन लाइन, कार्रवाई न होने पर प्रदर्शन की चेतावनी

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/29 मई। चंडीगढ़ के हल्लोमाजरा स्थित वार्ड नंबर-20 में सीवरेज व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। इलाके में सीवर ओवरफ्लो होने से लोगों का जीना दूभर हो गया है। खासकर हाउस नंबर 527 से 535 तक हालात बेहद खराब बताए जा रहे हैं, जहां रोजाना गंदा पानी गलियों और घरों के बाहर जमा हो रहा है। स्थानीय निवासी अरविन्द सिंह के अनुसार सीवर जाम होने के कारण पूरे इलाके में बदबू फैली हुई है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान हैं। गंदगी के चलते बीमारियां फैलने का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है।

अरविन्द सिंह ने आरोप लगाया कि समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।



लोगों का कहना है कि प्रशासन और विभागीय अधिकारी समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। गणेश झा ने कहा पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से मेन सीवरेज लाइन जाम पड़ी है, लेकिन अभी तक ट्रैक्टर और मशीनरी





अरविन्द सिंह, गणेश झा

लगाकर सफाई नहीं करवाई गई। इससे लोगों में प्रशासन के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही है। अरविन्द सिंह और गणेश झा ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सीवरेज लाइन की सफाई कर स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वार्डवासी सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत मशीनरी लगाकर जाम सीवर लाइन को साफ कराया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

# रीवा आर्यिका माताजी दुर्घटना प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग

## पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लिखा पत्र

चंडीगढ़/यूटर्न/29 मई। पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर रीवा में पूज्य आर्यिका माताजी की दुर्घटना में हुई मृत्यु के मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने का आग्रह किया है।

जानकारी के अनुसार पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को श्री दिगंबर जैन सोसाइटी सेक्टर-27 बी, चंडीगढ़ के अध्यक्ष धर्म बहादुर जैन द्वारा एक अनुरोध-पत्र प्राप्त हुआ था। इसमें रीवा दुर्घटना प्रकरण की



पारदर्शी जांच कराने के साथ-साथ विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनाए जाने की मांग की गई थी। राज्यपाल कटारिया ने अपने पत्र में कहा कि उपलब्ध तथ्यों, वीडियो क्लिपों और परिस्थितियों के आधार पर समाज में गहरी चिंता एवं आशंका का माहौल बना हुआ है। ऐसे में पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और उच्च स्तरीय जांच आवश्यक है, ताकि सत्य सामने आ सके और समाज में विश्वास कायम रहे। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार से इस संवेदनशील विषय पर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है। साथ ही विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर भी जोर दिया है।

# पंचकूला साइबर सेल ने 25 गुम मोबाइल किए बरामद, 3 साल बाद फोन मिलने पर भावुक हुई मानशिका

## इस साल अब तक 70 मोबाइल रिकवर, डीसीपी से मिलकर लोगों ने जताया आभार

पंचकूला/यूटर्न/29 मई। पंचकूला पुलिस की साइबर सेल टीम ने आधुनिक तकनीक और मुस्तैदी का परिचय देते हुए गुम और चोरी हुए 25 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को वापस सौंप दिए। बीते एक महीने के दौरान ट्रेस किए गए इन मोबाइल फोन को पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे।

मोबाइल धारकों ने गुरुवार को सेक्टर-1 स्थित पुलिस उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर डीसीपी सृष्टि गुप्ता से मुलाकात की और खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर पंचकूला पुलिस और साइबर सेल टीम का धन्यवाद किया।

इस दौरान डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने लोगों से उनके अनुभव साझा किए और साइबर सेल



टीम के कार्य की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से साइबर सेल इंचार्ज रामू स्वामी और सिपाही पवन की मेहनत और तकनीकी दक्षता की तारीफ की, जिनकी मदद से मोबाइल ट्रेस कर सही मालिकों तक पहुंचाए जा सके। पुलिस के अनुसार, इस वर्ष अब तक साइबर सेल टीम कुल 70 मोबाइल फोन बरामद कर लोगों को सौंप चुकी है।

# चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा औद्योगिक भूखंडों के विखंडन संबंधी चंडीगढ़ मास्टर प्लान-2031 में प्रस्तावित संशोधनों के संबंध में परिशिष्ट (एडेंडम) जारी

चंडीगढ़/यूटर्न/29 मई। चंडीगढ़ प्रशासन ने औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 एवं फेज-2, चंडीगढ़ में औद्योगिक भूखंडों के विखंडन (फ्रैगमेंटेशन) से संबंधित चंडीगढ़ मास्टर प्लान (सीएमपी)-2031 में प्रस्तावित संशोधनों के संबंध में एक परिशिष्ट (एडेंडम) जारी किया है। यह कदम औद्योगिक भूमि के अधिकतम एवं प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु चलाए जा रहे विनियमन-शिथिलीकरण (डी-रेगुलेशन) अभियान के अंतर्गत उठाया गया है। यह परिशिष्ट माननीय प्रशासक, केंद्र शासित प्रदेश, चंडीगढ़ की स्वीकृति से जारी किया गया है तथा इसे 22 मई 2026 को अधिसूचित किए गए प्रस्तावित संशोधनों के क्रम में पढ़ा जाएगा। इसका उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 एवं फेज-2, चंडीगढ़ में बड़े औद्योगिक भूखंडों के अधिकतम एवं प्रभावी उपयोग को सुगम बनाना है। डी-रेगुलेशन-क्कके अंतर्गत यह प्रस्तावित किया गया है कि औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 एवं फेज-2, चंडीगढ़ में बड़े औद्योगिक भूखंडों को छोटे भूखंडों में विभाजित (विखंडित) करने की अनुमति दी जाए, बशर्ते संशोधित प्लानिंग एवं जोनिंग को स्वीकृति प्राप्त हो तथा लागू नीति के अंतर्गत निर्धारित अन्य शर्तों का अनुपालन किया जाए। ऐसे विखंडन को नियंत्रित करने वाली नीति चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा पृथक रूप से अधिसूचित की जाएगी। तदनुसार, सीएमपी-2031 के अध्याय-16, जो औद्योगिक क्षेत्रों के लिए विकास नियंत्रण एवं विनियमों से संबंधित है, में वर्तमान प्रावधान, जिसमें विखंडन की अनुमति नहीं है, को हटाकर यह प्रावधान प्रस्तावित किया गया है कि विखंडन संबंधी मानदंड चंडीगढ़ प्रशासन की लागू नीति के अनुसार होंगे, जो संशोधित प्लानिंग एवं जोनिंग की स्वीकृति तथा अन्य निर्धारित शर्तों की पूर्ति के अधीन होंगे। प्रस्तावित संशोधनों एवं इस परिशिष्ट से संबंधित विस्तृत जानकारी चंडीगढ़ प्रशासन के शहरी नियोजन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है:

# सोशल साइंस में समाज को प्रभावी ढंग से समझने के लिए क्वालिटेटिव रिसर्च मैथड का प्रयोग किया जाना चाहिए : डॉ. नवीन कुमार



चंडीगढ़/यूटर्न/29 मई। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के सेंटर फॉर दी स्टडी ऑफ सोशल इंक्लूजन द्वारा क्वालिटेटिव रिसर्च डिजाइन फॉर सोशल साइंसेज विषय पर एक विशेष एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूवात विभाग के स्टूडेंट प्रेस रिपोर्टर एवं पीएचडी स्कॉलर सरताज सिंह द्वारा मुख्य वक्ता डॉ. नवीन कुमार के स्वागत के साथ हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रिसर्च स्कॉलर्स को सोशल साइंस में क्वालिटेटिव रिसर्च डिजाइन की गहन समझ प्रदान करना था। इस अवसर पर डॉ. नवीन कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड मैनेजमेंट साइंसेज, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार साझा किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सोशल साइंस में समाज को प्रभावी ढंग से समझने के लिए क्वालिटेटिव रिसर्च मैथड का प्रयोग किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यह रिसर्च डिजाइन समाज के अनुभवों, व्यवहारों, भावनाओं और सामाजिक वास्तविकताओं को गहराई से समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. नवीन कुमार ने रिसर्च स्कॉलर्स को रिसर्च डिजाइन की बारीकियों से अवगत कराते हुए साक्षात्कार, अवलोकन, केस स्टडी एवं डेटा विश्लेषण जैसी गुणात्मक शोध तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने शोधार्थियों को शोध कार्य में संवेदनशीलता, नैतिक मूल्यों और नवीन दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# करोड़ों के रियल एस्टेट घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, रॉयल एस्टेट के मालिक परवीन कंसल और नीरज कंसल गिरफ्तार

**एक ही दिन में 3 उछव मंजूरी पर जांच तेज, गमाडा अधिकारियों की भूमिका भी रडार पर**

चंडीगढ़/यूटर्न/29 मई। पंजाब के चर्चित रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े कथित करोड़ों रुपये के घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रॉयल एस्टेट के मालिक परवीन कंसल उर्फ रॉकी और नीरज कंसल को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक ईडी की यह कार्रवाई लंबे समय से चल रही वित्तीय अनियमितताओं, संदिग्ध जमीन सौदों और कथित मनी ट्रेल की जांच के बाद की गई है। सूत्रों के अनुसार गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों से लगातार पूछताछ की जा रही है।

ईडी की टीम कई अहम दस्तावेज, प्रॉपर्टी रिकॉर्ड, बैंक ट्रांजैक्शन और सरकारी मंजूरियों से जुड़ी फाइलों की जांच में जुटी हुई है। एजेंसी अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कथित घोटाले का नेटवर्क कितना बड़ा था और इसमें किन-किन लोगों की भूमिका रही।





### एक ही दिन में 3 उछव मंजूर, जांच एजेंसियों के निशाने पर सिस्टम

मामले में सबसे बड़ा सवाल उन उछव CLU (Change of Land Use मंजूरियों को लेकर उठ रहा है, जिन्हें कथित तौर पर एक ही दिन में मंजूरी दी गई थी। सूत्रों का दावा है कि तीन अलग-अलग उछव फाइलों को रिकॉर्ड समय में क्लियर किया गया, जिसके बाद अब पूरी मंजूरी प्रक्रिया जांच के दायरे में आ गई है।

जांच एजेंसियां यह भी खंगाल रही हैं कि क्या नियमों को दरकिनार कर प्रभावशाली लोगों के दबाव में फाइलों को तेजी से मंजूरी दी गई थी। इस मामले में गमाडा के कई अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में बताई जा रही है।

### राजनीतिक कनेक्शन की भी जांच

सूत्रों के मुताबिक ईडी अब इस मामले में राजनीतिक लिंक भी खंगाल रही है। जांच एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि क्या कथित घोटाले में किसी राजनीतिक संरक्षण या प्रभाव का इस्तेमाल किया गया था। हालांकि, ईडी की ओर से अभी तक किसी राजनीतिक नेता का नाम आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक नहीं किया गया है।

बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में कुछ और बड़े नाम जांच एजेंसियों के रडार पर आ सकते हैं। इस पूरे मामले ने पंजाब के रियल एस्टेट और प्रशासनिक सिस्टम में हलचल मचा दी है।

### कई और खुलासों की संभावना

ईडी अब जमीन सौदों, शेल कंपनियों, निवेश के स्रोत और वित्तीय लेन-देन की गहराई से जांच कर रही है। सूत्रों का कहना है कि जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, वैसे-वैसे इस मामले में और बड़े खुलासे हो सकते हैं। फिलहाल ईडी की कार्रवाई के बाद रियल एस्टेट सेक्टर और प्रशासनिक हलकों में हड़कंप का माहौल है।

# जातिसूचक टिप्पणी मामले में घिरे केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू, पंजाब एससी कमीशन सख्त, मांगी रिपोर्ट

जालंधर/यूटर्न/29 मई। पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने शुक्रवार केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। धूरी दौरे के दौरान कथित तौर पर जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल मामले में आयोग ने स्वत: संज्ञान लिया है। संगरूर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट तलब कर जांच के आदेश दिए गए हैं। पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष जसवीर सिंह गढ़ी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि यह मामला सोशल मीडिया के जरिए उनके संज्ञान में आया। सोशल मीडिया पर वायरल




वीडियो और खबरों में दावा किया गया है कि रवनीत सिंह बिट्टू ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया था।

### पुलिस के साथ हुई थी तीखी बहस

यह विवाद रवनीत सिंह बिट्टू के धूरी दौरे से जुड़ा है। नगर निगम चुनाव के माहौल में बिट्टू की वहां ड्यूटी पर तैनात पंजाब पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ तीखी बहस हुई थी। आरोप है कि इस गहमा-गहमी के बीच उन्होंने वहां मौजूद पुलिसकर्मियों और अन्य लोगों के खिलाफ अमर्यादित व जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। सोशल मीडिया पर मामला सामने आने के बाद आयोग ने तुरंत संज्ञान लिया।

# महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में एक्टर योगराज को हाईकोर्ट से जमानत

पंजाब/यूटर्न/29 मई। पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह के पिता और एक्टर योगराज सिंह को महिलाओं पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में राहत मिल गई है। चंडीगढ़ जिला अदालत द्वारा अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई शुक्रवार को हुई, जहां कोर्ट ने योगराज सिंह को जमानत दे दी। यह मामला वेब सीरीज 'लुक्खे' के एक वायरल वीडियो



क्लिप से जुड़ा है, जिसमें योगराज सिंह के किरदार द्वारा महिलाओं के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया था।

### सोशल मीडिया पर वायरल क्लिप से उठा विवाद


एफआईआर के अनुसार, 8 मई 2026 को रिलीज हुई वेब सीरीज लुखे की एक क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। शिकायतकर्ता एडवोकेट उज्जवल भसीन ने आरोप लगाया कि वीडियो में महिलाओं के लिए बेहद अपमानजनक और अश्लील शब्दों का इस्तेमाल किया गया है, जिससे पूरे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। वहीं चंडीगढ़ कोर्ट ने भी अपने आदेश में कहा कि वीडियो क्लिप में इस्तेमाल किए गए शब्द इतने आपत्तिजनक हैं कि परिवार के साथ बैठकर उन्हें सुनना मुश्किल है। योगराज की ओर से पेश वकीलों ने अदालत में दलील दी कि वह पूर्व भारतीय क्रिकेटर, पंजाबी अभिनेता और सार्वजनिक जीवन से जुड़े व्यक्ति हैं। उन्हें गलत तरीके से मामले में फंसाया गया है।

# कनाडा पुलिस को लॉरेंस गैंग की धमकी, लेटर भेज कहा - जबरन वसूली के लिए 1000 शूटर फील्ड में

पंजाब/यूटर्न/29 मई। कनाडा में चल रही जबरन वसूली और हिंसक वारदातों के पीछे सक्रिय लॉरेंस गैंग के सिंडिकेट ने ब्रिटिश कोलंबिया पुलिस को सीधे चुनौती देते हुए एक लेटर भेजा है। लेटर में गैंग की ओर से दावा किया गया है कि कनाडा में उनके 1000 से अधिक 'फुट सोल्जर्स' या ग्राउंड स्तर के शूटर सक्रिय हैं। लेटर सामने आने के बाद कनाडा के सुरक्षा तंत्र और वहां रह रहे दक्षिण एशियाई समुदाय, खासकर भारतीय और पंजाबी मूल के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। यह खुलासा



गुरुवार को कनाडा में चल रही एक डिपोर्टेशन सुनवाई के दौरान हुआ। कनाडाई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जबरन वसूली मामलों के एक प्रमुख जांचकर्ता और एडमॉन्टन पुलिस सेवा के जासूस ने इमिग्रेशन एंड रिफ्यूजी बोर्ड के सामने गवाही देते हुए बताया कि ब्रिटिश कोलंबिया के एबॉट्सफोर्ड पुलिस स्टेशन में पिछले साल 13 अगस्त 2025 को यह पत्र पहुंचा था। लेटर ने कनाडा में संगठित अपराध के उस नेटवर्क को उजागर किया है, जिसे भारत की जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई से जोड़ा जाता है। कनाडा पुलिस अब इस लेटर की सामग्री और इसके स्रोतों की गहन जांच कर रही है।



TRIDHA CHOUDHURY

# श्रीकृष्ण की लीलाओं के प्रसंग सुन भावुक हुए श्रद्धालु, बाली में गूंजे जयकारे

## श्रीकृष्ण की लीलाएं जीवन को देती हैं सही दिशा : एडवोकेट संजीव सूद बांका








बाली/यूटर्न/29 मई। श्री भागवत सेवा परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कथा व्यास देवी चित्रलेखा जी ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन करते हुए गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग तथा श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया।

उन्होंने कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की, तब संसार को यह संदेश मिला कि ईश्वर अपने भक्तों की रक्षा के लिए सदैव साथ खड़े रहते हैं। देवी जी ने कहा कि जीवन में प्रेम, सेवा और समर्पण का भाव सबसे बड़ा धन है। रुक्मिणी विवाह प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि सच्चा प्रेम कभी बाधाओं से नहीं रुकता और भगवान तक पहुंचने का मार्ग भी श्रद्धा एवं विश्वास से होकर गुजरता है। कथा के दौरान छप्पन भोग की भव्य झांकी ने श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित किया। भजनों और संकीर्तन के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर कथा व्यास देवी चित्रलेखा जी ने अपनी हाल ही की बाली यात्रा का भी उल्लेख किया।

# नगर निगम के संयुक्त आयुक्त बलबीर राज ने गौशालाओं का किया निरीक्षण

## पशु कल्याण, सफाई व्यवस्था और सुविधाओं की समीक्षा, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

अजीत झा



चंडीगढ/यूटर्न/29 मई। नगर निगम चंडीगढ़ के संयुक्त आयुक्त बलबीर राज ने गुरुवार को नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाली विभिन्न गौशालाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान पशु कल्याण, साफ-सफाई और सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला इंचार्ज मोहिंदर पाठक और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त ने गौशालाओं में पशुओं के लिए चारे और पीने के पानी की उपलब्धता, शेडों की सफाई, कचरा प्रबंधन व्यवस्था और पशुओं की देखभाल संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने गौशालाओं में स्वच्छ और स्वास्थ्यकर वातावरण बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

बलबीर राज ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशालाओं में साफ-सफाई के उच्च मानकों को बनाए रखा जाए और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। उन्होंने पशुओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, समय पर सफाई व्यवस्था और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि नगर निगम चंडीगढ़ पशु कल्याण और गौशालाओं के बेहतर संचालन के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर निरीक्षण और मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि गौशालाओं में रहने वाले पशुओं को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण मिल सके।

# कमलजीत सिंह पंछी और अनिल वोहरा को मानद डॉक्टरेट की उपाधि

## समाज सेवा और मानवाधिकार क्षेत्र में योगदान के लिए किया गया सम्मानित



चंडीगढ़/यूटर्न/29 मई। चंडीगढ़ में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान कमलजीत सिंह पंछी और अनिल वोहरा को प्रतिष्ठित मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नेशनल 'मन राइट्स एंड एंटी-करप्शन फोर्स' द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया।यह सम्मान रेव. डॉ. जितेन्द्र सिंह, रजिस्ट्रार एवं इंटरनेशनल कोऑर्डिनेटर, ग्रेस इंडिया बाइबिलिकल इंस्टीट्यूट वारा प्रदान किया गया। समारोह का आयोजन सेक्टर-7 स्थित सिप-न-डाइन रेस्टोरेंट में किया गया, जिसमें कई गणमान्य अतिथि, समाजसेवी और प्रतिष्ठित व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि यह मानद उपाधि समाज के प्रति उनके उत्कृष्ट योगदान, मानवता की नि:स्वार्थ सेवा, जनसेवा, प्रेरणादायी नेतृत्व तथा सामाजिक कल्याण और मानवाधिकारों के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए प्रदान की गई है। दोनों सम्मानित व्यक्तियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देते हुए समाज उत्थान और जनकल्याण के लिए लगातार कार्य किया है।



# महाराजा रणजीत सिंह प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट के दो कैडेट बने भारतीय नौसेना के अधिकारी

चंडीगढ़/यूटर्न/29 मई। महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट के दो कैडेट— अर्पित पराशर और विशेष सूद—ने केरल के एझीमाला स्थित इंडियन नेवल अकादमी की पासिंग आउट परेड में कमीशन प्राप्त कर भारतीय नौसेना में अधिकारी के रूप में नई शुरूआत की। परेड का निरीक्षण वाइस एडमिरल समीर सक्सेना ने किया। संगरूर के धूरी निवासी अर्पित और मोहाली निवासी विशेष सूद ने संस्थान में दो वर्ष का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद नेशनल डिफेंस अकादमी में तीन वर्ष तथा आईएनए में एक वर्ष का विशेष प्रशिक्षण हासिल किया। अब वे भारतीय नौसेना में अपनी सेवाएं देंगे। पंजाब के मंत्री अमन अरोड़ा ने दोनों कैडेटों को बधाई देते हुए कहा कि भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रही है। इन कैडेटों की उपलब्धि ने पंजाब का गौरव बढ़ाया है। इन दोनों के कमीशन प्राप्त करने के साथ ही संस्थान से नौसेना में अधिकारी बनने वालों की संख्या 24 हो गई है। संस्थान के निदेशक मेजर जनरल अजय एच चौहान (सेवानिवृत्त) ने बताया कि कई अन्य कैडेट भी एसएसबी इंटरव्यू पास कर चुके हैं और जल्द ही विभिन्न प्रशिक्षण अकादमियों में शामिल होंगे।

# नगर निगम कमिश्नर सख्त, बकाया वसूली और अवैध निर्माण पर तेज कार्रवाई के निर्देश



लुधियाना/यूटर्न/29 मई। नगर निगम लुधियाना की कमिश्नर डॉ. नीरू कतियाल गुप्ता ने शहर में बकाया राशि की वसूली और अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बिल्डिंग ब्रांच को तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। सराभा नगर स्थित जोन-डी कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि वसूली में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में तपन भनोट समेत सभी जोनों के अधिकारी मौजूद रहे। कमिश्नर ने दो बिल्डिंग इंस्पेक्टरों के खिलाफ ड्यूटी में लापरवाही और अवैध निर्माण पर कार्रवाई न करने के चलते चार्जशीट की सिफारिश भी की है। जनहित को ध्यान में रखते हुए डॉ. गुप्ता ने शहरवासियों से अपील की कि वे बिना अनुमति के निर्माण कार्य शुरू न करें और पहले नगर निगम से भवन नक्शा पास करवाएं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372